अभी पिछले दिनों एक चर्चा गोष्ठी में उपस्थित बुद्धिजीवियों ने मातृभूमि कश्मीर से निष्कासित समाज की दुर्दशा के अनेक पहलुओं का बखान किया। विस्थापन के घाव इतने गहरे हैं कि यह शीघ्र नहीं भरेंगे। इस पीड़ा को हमारे नेतागण नहीं समझ पाते हैं। जिस तन लागे सोई तन जाने। किसी सज्जन ने बैठक में कहा–हमें अन्य देशवासी शरणार्थी नहीं समझते, क्योंकि हम बंगलादेशी शरणार्थियों की भांति कूड़े–कचरे से 'पनियां' इकट्ठी करके बेचने से गुज़ारा नहीं करते और न ही भीख मांगते हैं। दूसरे सज्जन ने कहा–अजी हम अनपढ़ थोड़े हैं भीख मांगे या घृणित काम करें, हम पढ़े लिखें हैं, येन केन प्रकारेण गुज़ारा करते हैं। अध्यक्ष महोदय ने कहा–इस चर्चा गोष्ठी में भुक्त भोगियों के विचार सुनकर मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि अपनी जमीन, छोटी–मोटी दुकान गंवाकर केवल मात्र 'रिलीफ' पर गुज़ारा करने वाले बन्धु ही अब कैम्पों में रहते हैं या गौशालानुमा किराया की कोठरियों में गुज़ारा करते हैं। अन्य बन्धुओं ने लोन लेकर फ्लैट खरीद लिए। इस प्रकार अपने पाओं पर फिर से खड़ा होने का संघर्ष कर रहे हैं। अस्तु।

हमारा मानना है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हमने अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का प्रयत्न किया और कर रहे हैं। अपने बच्चों को आज के युग में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए। उन्हें exposure मिला। जो लड़कियां घाटी में साईकिल चलाने में झिझकती थीं वह स्कूटर और कारें चलाती हुई फर्राटे से महानगरों की सड़कों पर दौड़ती दिखाई देती है। वहां के दमघोटू (तालिबानी) माहौल से बाहर आकर हमारे युवा आज़ाद माहौल में सांस ले रहे हैं। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र है–आई.टी. चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में हमारे नवयुवक आगे बढ़कर चमक रहे हैं। लेकिन यह सब 25 प्रतिशत तक लोगों का हाल है शेष बन्धुओं का हाल–बेहाल है। उनकी सुध लेना शासन के साथ पूरे भारतीय समाज का भी उत्तरदायित्व है। हमारे विधि विशेषज्ञों को संयुक्त रूप से जनहित याचिका दायर करके सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मांगना चाहिए। सरकार को सच्चर कमीशन की तरह कश्मीर घाटी के अल्पसंख्यकों (अर्थात कश्मीरी पंडितों) की सुध लेनी चाहिए। कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सरकार विस्थापित समाज के पुनर्वास, उसकी लुप्त होती संस्कृति के संरक्षण, उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा आवास तथा अल्प संसाधनों वाले प्रतिभा संपन्न समाज के बच्चों को ऊंची से ऊंची शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के अवसरों को ढूंढ़ने के उपाय सुझाने होंगे। इस प्रकार अपने गौरवशाली इतिहास को अक्षुण्ण रखने के लिए विस्थापित देशभक्त कश्मीरी समाज के अस्तित्व को बचाने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। हम आशा करते हैं हमारी आवाज़ अनसुनी नहीं होगी। हमारा मानना है कि कश्मीरी देशभक्त समाज का विस्थापन निश्चय से देश के लिए अभिशाप है किन्तु यह एक प्रकार से वरदान है। विस्थापितों को देश को जगाने और खबरदार करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हमें देश के कोने में जाकर कट्टरपंथी इस्लामी अलगाववादी इरादों से देशवासियों को आगाह करना है।

(च.ल. सप्रू)

दिसम्बर 2007 की प्रतिक्रिया

सम्पादकीय 'गुरुतेगबहादुर का अपूर्व बलिदान' बड़ी ही प्रभावी प्रेरक है। इन वीर पुरुषों ने गीता के मंत्र को आत्मसात किया था। 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः 'यह उनकी उत्सर्ग भावना का प्रेरक मूल बीज और प्रायोजित सत्य रहा है। आज देशवासियों को इसे भली भाँति समझना चाहिये। उनके प्रति कश्मीरी पंडितों का कृतज्ञ भाव अनुकरणीय है।

सामयिकी का विषय प्रवर्तन वस्तु स्थिति को स्पष्ट करता हुआ, चिन्ता का विषय है।

पुण्यस्मृति–जियालाल धर 'सराफ' कश्मीर में ऐस आध्यात्म पुरुष जन्म लेते रहे हैं और अपने प्रकाश से उन्होंने वातावरण को प्रकाश दिया। ऐसी पुण्य आत्मा को नमन।

संस्कार–मां, मंथन–'घर वापसी' तथा संस्मरण–'दरारों भरे आईने' बड़े ही मार्मिक संवेदना के धरातल पर लिखी गई सप्रयोजनीय एवं सार्थक रचनायें हैं। घर वापसी में मूल संस्कारों जातीय संस्कारों की पुनर्स्थापना एक शुभ लक्षण हैं। सामाजिक मनोविज्ञान की पृष्ठभूमि में एक प्रेरक रचना है।

कवितायें–भरत की, दर्द– डॉ. अंजू आनन्द की तथा नवांकुर की विषय के अनुरूप सत्य का उद्घाटन करती मर्मस्पर्शी हैं।

कश्मीर का दर्द आज हर सहृदय का दर्द है। सब कुछ समझते हुये भी इसका निदान क्यों दूर है। यही चिंता का विषय है। गतिविधियां अच्छी जानकारी देती हैं यथा शास्त्री जी की जयन्ती पर यज्ञ अनुष्ठान, सम्मान, 2 अक्टूबर अहिंसा दिवस। कश्मीरी भाषा एवं संस्कृति पर आधृत यह पत्रिका जनपदीय आकर्षण और राष्ट्रीय चेतना दोनों से आपूर्ण है। दोनों के प्रति कर्तव्यबोध है। सभी रचनाकारों को बधाई। संपादकजी को बधाई। नववर्ष सभी को शुभ हो। कश्मीर में सुख शांति और अमन चैन हो।

डॉ. भुवनेश्वरी तिवारी
बेलीगंज रायबरेली

•

कट्टरपंथियों से सावधान

टेलीविजन पर यह खबर सुर्खी बन गई कि देवबंदी मुल्लाओं ने मुसलमान विद्यार्थियों का सूर्य नमस्कार करना इस्लामी शिक्षाओं के विरुद्ध घोषित किया है। सूर्य नमस्कार कोई पूजा अर्चना या धार्मिक क्रिया तो नहीं अपितु योग अभ्यास है। तो वर्जित क्यों? योग भी कोई हिंदू धर्म से संबंधित कर्म नहीं अपितु तन मन को स्वास्थ्य लाभ देने वाला व्यायाम है। सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंगों को व्यायाम मिलता है और सूर्य की ओर मुंह करके इस क्रिया को करने से शरीर विटामिन 'डी' प्राप्त करता है। योग इतना लाभप्रद है कि आज समस्त संसार में इसका प्रचलन है। तो फिर भारतीय मुसलमानों पर यदि कराटे, कुगफू और पाश्चात्य व्यायाम करने पर रोक नहीं, सूर्य नमस्कार पर क्यों? इसलिये तो नहीं कि पातंजली एक भारतीय आर्य हैं और भारत के अधिकतर मुसलमान भी भारतीय आर्यों (जो कुछ ही शताब्दियों पहले से हिंदू कहलाने लगे हैं) के वंशज हैं। धर्मांतरण करने वालों का न केवल अपने मूल धर्म से नाता पूर्ण रूप से कट जाये अपितु उस धर्म की मान्यताओं, क्रियाओं, इत्यादि से घृणा भी हो इस हेतु मुल्ला, मौलवी, (पादरी इत्यादि) इन क्रियाओं, मान्यताओं, विचारों को (चाहे वह कितनी ही लाभ कारक क्यों न हों) पर धर्म अपनाने वालों पर कुफुर घोषित कर वर्जित करते हैं। अन्यथा योग एक विज्ञान भी है। और यदि इस्लाम को पाश्चात्य विज्ञान से आपत्ति नहीं तो फिर भारत में उत्पन्न विज्ञान से क्यों? शायद मुल्ला साहिबान यह भूल रहे हैं कि विज्ञान का आधार गणित है और गणित संसार को भारत ने दिया है।

दूसरी खबर जिसने सनसनी फैलायी वह यह कि अदि और परमेश्वर गोदरेज ने सलमान रूशदी को आतिथ्य क्या दिया कि मुल्लाओं ने गोदरेज परिवार पर फतवा जारी किया कि जब तक इस्लाम और हज़रत मुहम्मद की शान में तौहीन करने वाले रुशदी की मेहमानदारी करने के लिये गोदरेज माफी नहीं मांगते मुसलमानों पर गोदरेज के उत्पादन खरीदना वर्जित रहेगा। सोचने की बात है कि क्या किसी व्यक्ति को किसी से मित्रता रखने या उसे अपने घर मेहमान बनाने से पहले मुल्लाओं से अनुमति लेनी पड़ेगी केवल इसलिये कि उसने किसी धर्म की आलोचना की है या अमुक धर्म–अणुयायी उसे अपना शत्रु मानते हैं। यदि ऐसा है तो मुसलमानों तथा मुस्लिम देशों को अमरीका से बिलकुल नाता नहीं रखना चाहिये क्योंकि बहुदा मुस्लिम धर्म–रक्षक और नेता अमरीका को मुस्लिम दुश्मन मानते हैं विशेषकर इसलिये कि अमरीका इज़राइल का सहायक है। पर क्या ऐसा है? नहीं। क्यों? क्योंकि अमरीका के पास धन है और वह देश अवसर प्रधान देश है। धन के लिये किस मुंस्लिम देश ने अमरीका के आगे हाथ नहीं फैलाये ओर किस मुस्लिम देश के नागरिक अमरीका पढ़ने, जीविका उर्पाजन और वहीं बस जाने के लिये वैध और अवैध ढंग से नहीं गये हैं और जा भी रहे हैं। यह तो बस चलने वाली बात है। भारत में हिंदुओं को छोड़कर सब का बस चलता है।

सुनने में आया है कि अभिनेत्री रिया सैन और समाजवादी पार्टी पर भी रुशदी से मित्रता के कारण फतवा जारी करने पर विचार हो रहा है।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

आतंकवादी हवा में से पैदा नहीं होते

आतंकवादी को उखाड़ फेंकना है, तो उसके मददगारों का जीना मुश्किल कर दीजिए

■ डॉ. वेद प्रताप वैदिक

क्या अब हैदराबाद भी आतंकवाद की सूची में एक नाम की तरह टांग दिया जाएगा ? लगता तो यही है। हर आंतकवादी खून–खराबे के बाद हमारे नेतागण जैसे मगरमच्छ के आंसू हमेशा बहाते हैं, वैसे उन्होंने अब भी बहा दिए हैं। हताहतों के प्रति सहानुभूति और सरकारी ढिलाई की निंदा करके विपक्षी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। सरकार मोटा सा मुआवजा देकर पड़ोसी राष्ट्रों के माथे काला टीका काढ़कर छुट्टी पा लेती है। अखबार लोगों की बहादुरी की तारीफ करते हैं कि वाह, क्या लोग हैं, अभी सड़कों से खून पुंछा भी नहीं कि आवाजाही सामान्य हो गई।

ये लक्षण हैं एक अकर्मण्य राष्ट्र के। यही वह मानसिकता है जिसकी वजह से सैकड़ों वर्षों तक भारत विदेशी हमलावरों का शिकार रहा। सहनशील और तालमेलवादी समाज कभी वजहों में उतरा ही नहीं। जरा अमेरिका, रूस और चीन को देखें। वर्ल्ड ट्रेड टॉवर क्या गिरे, अमेरिका की दुनिया ही बदल गई। पिछले छह साल में क्या अमेरिका में किसी परिंदे ने भी पर मारा ? व्यक्तिगत आजादी का सबसे बड़ा झंडाधारी कोई है तो अमेरिका है, लेकिन 9/11 के बाद जरा देखें कि अमेरिका के हवाई अडडों, रेलवे स्टेशनों, बंदरगाहों और सार्वजनिक संस्थानों की क्या हालत हैं। पूरे राष्ट्र को, जो भारत से तीन गुना बड़ा है, उन्होंने सुरक्षित किला बना दिया है। लगता है पूरा राष्ट्र युद्ध के लिए कमर कसे हुए है। हर नागरिक के आचरण, टेलिफोन संभाषण, इंटरनेट, चिट्ठी, यहां तक कि उसके सपनों पर भी सुरक्षा एजेंसियों की नजर है। अमेरिका के सुरक्षाकर्मियों को इस बात की चिंता नहीं होती कि कौन क्या है। हर आदमी का कोट और जूता उतरवाकर चेक किया जाता है। विदेशी मंत्रियों के कपड़े तक उतरवा लिए जाते हैं जिन लोगों ने ट्रेड टॉवर गिराए थे, उनके देशों से आने वाले यात्रियों पर ही नहीं, उन सभी लोगों पर अमेरिका कड़ी नजर रखता है जो उन आतंकवादियों के हममजहब हैं, हमवतन हैं और हमखयाल हैं। लेकिन हम भारत में ऐसा नहीं करते। क्यों ? क्योंकि नेताओं की रूह कांपती हैं कहीं लोग उन्हें सांप्रदायिक न कह दें, कहीं उनका वोट बैंक न खिसक जाएं।

- **आतंकवाद से वैसे लड़ना होगा जैसे अमेरिका लड़ रहा है।**
- **नरमी और झिझक ने ही हमारा बेड़ा गर्क किया है।**
- **बूरे पड़ोसी देशों को सबक सिखाने में देरी क्यों**

हमारे नेताओं को अपने बिल्ले और अपने वोट की चिंता कहीं ज्यादा हैं राष्ट्र की सुरक्षा उनके लिए दोयम दर्जे की चीज है। आतंकवादी हिंसा में 40 मरें या 400, उनके लिए वह केवल आंकड़ा है। जो लोग अक्सर मारे जाते हैं, वे साधारण लोग होते हैं। नेता अपने सुरक्षा घेरे में रहते हैं। इसलिए उन्हें आतंकवाद की लड़ाई भी वैसी ही मालूम पड़ती है जैसी देश की अन्य दर्जनों समस्याएं। वे यह भूल जाते हैं कि भारत आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। पिछले तीन वर्षों में जितने लोग भारत में आतंकवाद के शिकार हुए हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं शिकार हुए। इराक की बात अलग है। वहां गृहयुद्ध चल रहा हैं, लेकिन अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, कोलंबिया, सूडान वगैरह के मुकाबले भारत में कई गुना लोगों की बलि चढ़ी है। फिर भी भारत हाथ धरे क्यों बैठा है? वह आतंकवादियों को क्यों नहीं उखाड़ पाता? उन पर मुकदमे चलाने में उसे 15–15 साल क्यों लग रहे

हैं ? वे कौन लोग हैं जो आतंकवादियों को शरण देते हैं? आतंकवादी हवा में तो पैदा नहीं होते। हम उन सब बिलों की क्यों नहीं मूंद पा रहे, जिनसे निकलकर आतंकवादी भारत को खोखला करने चले आ रहे हैं? सबसे पहले तो यह समझने की जरूरत है कि आतंकवाद की पौधशाला कहां है, कौन सी है, कैसी है? जो सिद्धांत हो ची मिन्ह और चे गेवारा छापामारों पर लागू करते, थे वही मैं आतंकवादियों पर लागू करता हूं – पानी के बिना मछली जिन्दा कैसे रहेगी? आतंकवादी मछली के लिए वे लोग पानी का काम करते हैं जो उनके प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्हें खाने–पीने, रहने–सहने, घूमने–फिरने और छिपने–छिपाने में मदद करते हैं। इसीलिए गुप्तचर एजेंसियां फुस्स हो जाती हैं। ऐसे लोगों के प्रति पूर्ण निर्ममता का बर्ताव होना चाहिए। इस बात की जरा भी परवाह नहीं की जानी चाहिए कि उनका मजहब क्या है, जात क्या है और सामाजिक हैसियत क्या है। जरूरी हो तो पूरी आबादी, क्षेत्र या समूह को कसौटी पर चढ़ा दिया जाना चाहिए जैसा कि पुतिन के रूस ने चेचेन्या में किया या रोंग जी के चीन ने सिक्यांग में किया। आतंकवादियों को मदद करने वालों की बात जाने दीजिए, उनके प्रति सहानुभूति रखनेवालों की भी रूह कांप उठनी चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि अगर हम पर शक हो गया तो हम मारे जाएंगे। गेहूं पिसे न पिसे, घुन जरूर पिस जाएगा। घुन के पिसने के डर से गेहूं का पसीना भी छूटेगा। इसका मतलब यह बिलकुल नहीं है कि बेकसूर लोगों को फिजूल तंग किया जाए, लेकिन हैदराबाद में क्या सुरक्षा एजेंसियों ने महजबी लिहाजदारी के चलते आतंकवादियों को खुला नहीं छोड़ दिया? कुछ स्थानीय नेता नाराज न हो जाएं क्या सिर्फ इसीलिए जासूसी सुरागों का पीछा नहीं किया गया? अभी मई में हुए जामा मस्जिद के विस्फोट के बाद भी हमारी एजेंसियों सोती क्यों रही?

अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, कोलंबिया, सूडान वगैरह के मुकाबले भारत में कई गुना लोगों की बलि चढ़ी है। फिर भी भारत हाथ धरे क्यों बैठा है? वह आतंकवादियों को क्यों नहीं उखाड़ पाता? उन पर मुकदमे चलाने में उसे 15–15 साल क्यों लग रहे हैं? वे कौन लोग हैं जो आतंकवादियों को शरण देते हैं? आतंकवादी हवा में तो पैदा नहीं होते। हम उन सब बिलों की क्यों नहीं मूंद पा रहे, जिनसे निकलकर आतंकवादी भारत को खोखला करने चले आ रहे हैं?

गृहमंत्री का कहना है कि आतंकवाद का स्रोत देश के बाहर है। ठीक है, स्रोत बाहर है, लेकिन घटना तो अंदर हुई है। क्या देश के अंदर भी आप असहाय हैं ? आप घटना को होने से क्यों नहीं रोक पाते? आप कैसी सरकार हैं? और जहां तक आतंकवाद के स्रोत का सवाल है, आपको किसने रोका है? आप उसकी जड़ पर प्रहार क्यों नहीं करते? संयुक्त राष्ट्र आपका साथ देगा, अमेरिका आपकी पीठ ठोकेगा, पूरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय आपके साथ खड़ा होगा। 9/11 का स्रोत खोजते–खोजते अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में घुस गया। और आप अपने पड़ोस में चल रहे आतंकवादियों के अडडों को भी नहीं उडा सकते? उसने हजारों मील दूर से आकर झपट्टा मार दिया और आप अपने हाथ–पांव भी नहीं हिला सकते? अमेरिका झूठे दावों के आधार पर इराक में घुस गया और आप अपने सच्चो प्रमाणों के आधार पर करवट लेने को भी तैयार नहीं हैं। यदि हैदराबाद कांड़ के स्त्रोत बांग्लादेश और पाकिस्तान में हैं तो इन राष्ट्रों के नेताओं को साथ लें और उन स्रोतों पर सीधी सैन्य कार्रवाइ करें।

यदि पड़ोसी सरकारें आनाकानी करें तो चाणक्य का तरीका ही एकमात्र इलाज है। इन देशों को इतना परेशान कर दें कि आतंकवाद उनके लिए नुकसान का सौदा हो जाए। क्या कोई है, जो चलाएगा यह नीति? ❑

(लेखक पी.टी.आई.–भाषा के पूर्व संपादक हैं।)

आंतरिक सुरक्षा मज़बूत करना ज़रूरी

■ के.पी.एस. गिल

आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए विशेषज्ञ कई तरह के विकल्प बताते है। मसलन, एक राय है कि ताकतवर देशों के साथ सहयोग बढ़ाकर आतंकवाद, का खात्मा किया जा सकता है। एक दूसरी राय है कि अपने पड़ोसी देशों के साथ एक प्लेटफॉर्म पर आकर आतंकवाद को नाकाम किया जा सकता है। हमारे बारे में कहा जाता है कि हम पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव आदि के साथ मिलकर बेहतर क्षेत्रीय ताकत बन सकते हैं। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर ऐसे मोर्चे किसी काम के नहीं होते। न तो अमेरिका और यूरोपीय यूनियन जैसे देशों व संगठनों की मदद कुछ काम आ पाएगी और न ही पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, मालदीव जैसे पड़ोसियों के साथ सहयोग कर क्षेत्रीय ताकत बनने से ही कुछ हासिल हो पाएगा। आतंकवाद का मुकाबाल करने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि हम अपने आप को अंदरूनी रूप से ताकतवर बनाएं और एक मजबूत राजनीतिक व सामाजिक इच्छाशक्ति के साथ आतंकवाद का मुकाबला करें।

आतंकवाद से निपटने के लिए दरअसल हमें चार स्तरों पर मजबूती लानी होगी। इनमें सबसे पहले सीमा पार से आतंकिया के प्रवेश व हथियारों की तस्करी पर लगाम लगानी होगी। सीमा सुरक्षा बलों, नौसेना व वायुसेना की मदद लेकर एक ऐसी फुलप्रूफ योजन तैयार करनी होगी, जिससे धरती, समुद्र व आसमान के रास्ते कोई भी आतंकी व उनके हथियार भारत की सीमा के भीतर प्रवेश न करने पाएं। पंजाब में आतंकवाद के दौर में सीमा पर लगाई बाड़ के बेहद सकारात्मक नतीजे सामने आए थे। शुरूआत में इस काम में थोड़ी परेशनी का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो यह काम पूरा हो सकता हैं।

दूसरा काम स्थानीय इकाईयों यानी थानों को मजबूत बनाने का करना होगा। ऐसा माना जाता है कि हमारी पुलिस और सुाक्षा बलों के पास आधुनिकतम हथियार व उपकरण नहीं हैं। लेकिन इस शिकायत का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आतंकवादी अब आमने–सामने की लड़ाई नहीं लड़ते। ऐसे में, थानों में काम करने वाले पुलिस वालों को नैतिक रूप से मजबूत बनना होगा। थानों में राजनेताओं का हस्तक्षेप कम करना होगा। ऐसे नहीं होना चाहिए कि पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले और उसी समय उसे छुड़ाने के लिए नेताओं के फोन आने शुरू हो जायं। राज्यों में सरकार बदल जाने पर बड़े स्तर पर थानेदारों व अन्य पुलिस अधिकारियों के तबादले होने लगते हैं। हरेक विधायक अपने इलाके के थाने में अपनी पसंद का थानेदार चाहता है। इसके लिए वह अपनी सरकार के दबाव का इस्तेमाल करता है। इस तरह की परंपरा बंद करनी होगी। राजनीतिज्ञों को यह बात समझनी होगी कि आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस को पेशेवर बनाना होगा।

इसी तरह भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगी। पहले यह होता था कि संवेदनशील मामलों में भ्रष्टाचार की इजाजत नहीं होती थी। लेकिन अब तो सब चलता है वाली हालत हो गई है। भ्रष्टचार पर पूरी तरह अंकुश बेशक संभव नहीं लगाता हो, लेकिन कोई न कोई तरीका तो अपनाना ही होगा। मसलन, छोटे–मोटे मामलों को अपने तरीके से निपटाने की छूट पुलिस वालों को भले ही दी जाए, लेकिन उन्हें साफ तौर पर आगाह कर देना होगा कि संवेदनशील मामलों में किसी तरह की कोताही बर्दाश नहीं की जाएगी।

इसके अलावा विदेशी जासूसों व आतंकवादियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी कुटील मंशा को

(शेष पृष्ठ72 पर)

शिवरात्रि–एक आध्यात्मिक दृष्टि

■ डा. चमनलाल रैना (यूएसए)

ऊँ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च
नमः शंकराय च मयस्कराय च
शिवाय च शिवतराय च।।

शिव सृजन है, आदि है और अनादि भी। सारा ब्रह्माण्ड शिव में ही स्थित है। इसीलिए शिवरात्री अपने आप में ही कल्याण की, शान्ति की दिव्य रात्री है। शिव का अर्थ कल्याण, शुभ, श्रेयस्कर तथा स्वतः सिद्ध प्रकाश है। ऋग्वेद की ऋचाओं में शिव का यही वास्तविक स्वरूप पाया जाता है। यजुर्वेद में शिव एक होते हुए भी सर्वगुण प्रदान चैतन्य भी है और तत्वों का स्फुरण भी। वैदिक ऋषियों ने आर्य मन से शिव को ध्यान किया शम्भु को देखा, मयोभव को ज्योति स्वरूप में देख लिया। इसी कारण शिव 'मय कर' स्वरूप है, और 'शिव तर' भी। यही शैवी दीक्षा की पंचमुखी धारक एवं धृति भी है, जो श्रेयस्कर स्वात्मोल्लास की पहली रात्री है, वही कश्मीरी संस्कृति में हुर्य–ऑठम (होराष्टमी) कहलायी जाती है। श्री चक्रेश्वर के प्रांगन में ध्यानस्थ होकर 'शिव और शिवतर' में ध्यानस्थ होना ही ''श्रीचक्रप्रिय बिन्दु तर्पण परा श्रीराजराजेश्वरी'' का अभिषेक है।

शिव वेदों की श्रुतियों में ईश्वर है। उपनिषदों में 'ब्रह्मन्' से ऊँ में केन्द्रित किया जाता है। पुराणों में शिव साक्षात भगवान है त्रिकशास्त्र के अनुसार 'शिव भैरव' है। जो वृत्ति तथ विवृत्ति से जाना जाता है। 'वर्तिकाएं' शिव के स्पन्द है। शैवागम शिव का स्वयमेव अनुसंधान है। 'चिद्रूपिणी शक्ति' शिव की अन्तर्ध्वनि है, जिसमें शिव 'परा' और 'अपरा' का मर्दन करके माहेश्वर सूत्रों का सृजन करता है।

कश्मीर के कण कण में शैवाचार्यो ने हरेश्वर, ध्यानेश्वर अमृतेश्वर – अमरनाथ, महादेव आदि सिद्धपीठों एवं प्राकृतिक गुफाओं में सकलतत्त्वात्मक शिव को पाने के लिए साधना की, और तपस्यारत रहे। वही शिव सर्वेश्वर भी है और महेश्वर भी। जहां 'सर्व' शब्द में पूर्णता है, वही 'महा' शब्द में महत् तत्व का समावेश है। महेश्वर सृष्टि के नियन्ता है, और सर्वेश्वर भाव से त्रिक का शासन चलाते है। यह शैवाचार्यो ने जान लिया था। यूँ तो शिव की पार्थिवेश्वर में पूजा का विधान बताया गया है, अथवा स्वयम्भू लिंग में ही शिव की आराधना का महात्म्य बताया गया है। परन्तु कश्मीर के आध्यात्मिक आचार्यो ने शिव को 'शिव–शक्ति एक रूपेण' भाव से पूजन में आत्मानुभव और आत्मोत्सर्ग होने की शैवी पद्धति बतायी है।

शिव अष्टमूर्ति होने के साथ साथ विश्वमूर्ति भी हैः– अष्टमूर्ति से तात्पर्य शारिका पर्वत के चारों ओर वृत्ताकार में तल्लीन अष्टभैरव है।

ध्यानाधारोऽपरिच्छेद्यौ गौरीभर्ता गणेश्वरः।
अष्टमूर्ति विश्वमूर्तिस्त्रिवर्ग स्वर्गसाधनः।।

शिव ध्यान योग के आधार, देश–काल एवं वस्तु की सीमा से अविभाज्य, गौरवर्णा पर्वतराज पुत्री पार्वती के आराध्य देव प्रथमगणों के अधिपति, अष्टमूर्ति – जल–अग्नि–वायु–आकाश, सूर्य–चन्द्रमा–पृथ्वी तथा स्वयं में स्थित यजमान तथा अखिल ब्रह्माण्ड के विराट पुरुष, त्रिवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ काम एवं स्वर्ग (मोक्ष अथवा समाधि) की प्राप्ति कराने वाले हैं।

शैव शास्त्र के अनुसार :–

''इह ईश्वरस्य स्वरूपतिरोधित्सैव तावदणवस्य मलस्य कारणम्''

बंधन का कारण अज्ञान है। अज्ञान परिमित ज्ञान भी हो सकता है जो वास्तव में जीव–तत्त्व में पाया जाता है। शिवसूत्रों में परिमित विषय ज्ञान को ही बंधन कहा गया है। अज्ञान आणवीय मल अर्थात देह से ही सम्बंधित न्यूनतम – Physical limitations है। इसी मल से छुटकारा पाने के लिए शिवरात्री का भागवत् मुहूर्त – Divine Moment श्रेयस्कार माना जाता है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष में द्वादशी अथवा त्रयोदशी के दिन

'प्रदोष' – Cosmic pollution के कारण शिव की तन्मयता से पूजा–अर्चना–आराधना एवं वैश्वदेव यज्ञ करने से ब्रह्माण्ड के भीतर भी आणवीय मल – atomic pollution से विमुक्ति प्राप्त होती है। यही शिवरात्री है। इसी को 'अर्धरात्रि व्यापिनी' भी कहते है।

इस कल्याणकारी शिव का ध्यान सर्व प्रथम ब्रह्मा जी ने इस प्रकार किया था :–

वज्रदंष्ट्रं त्रिनयनं काल कण्ठमरिन्दमम्।
सहस्रकरमप्युग्रं वन्दे शम्भुमुमापतिम्।।

मैं उस उमापति शम्भु को प्रणाम करता हूँ, जिनकी दाढ़ें वज्र के समान है, जो त्रिनेत्रधारी है। जिनके कण्ठ में हलाहल पान का नील चिन्ह सदा सुशोभित है। ऐसे शिव आसुरी शक्ति का दमन करते है, इसी कारण शिव सहस्रकरों वाला, अन्नत शैवी किरणों से दीप्तिमान हैं। शिव अनन्त शक्तियों का बीज रूप है।

यही शिव भगवान सदाशिव है। विभिन्न नामों और गुणों से पूजित होने के कारण सदाशिव ही, सकलतत्वात्मक अर्थात शैवी ३६ तत्वों से पूर्ण है। इन्ही तत्वों में 'भैरव रूप से मरण भी रवन भी, वमन भी करते है।' भैरव की वास्तविक स्थिति मंत्र–महेश्वर ही है और क्या हो सकता है। अपूर्णता से पूर्ण अवस्था तक समावेश होना मंत्र–महेश्वर कहलाया जाता है। जीवन का सहज भाव पाने के लिए मंत्र–महेश्वर से ही 'वटुक' की उत्पत्ति होती है, अर्थात्

पूर्णमदः पूर्णमिदं – पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिश्यते।।

शिव का समन्वयात्मक भाव ही वैदिक दृष्टि से 'पूर्ण' है। जो पूर्ण में ही प्रकट एवं लय है। शिव और वटुक एक रूप है। शिव में ही वटुक आनन्देश्वर की पंचमुखी मुद्रा में अवतरित हैं। वही वटुक पूजा की पंच दिवसीय शिव रात्री पद्धति है। यह पूज्य शैव पद्धति पर आधारित है। यह पंच तत्वों का समीकरण कहलाता है।

१. अनुष्ठान– प्रयोग मंत्र पर आधारित है।

२. श्रीचक्रेश्वर पूजा– ऐं क्लीं सौः से प्राणान्वित की जाती है।

(श्रीचक्र प्रिय बिन्दु तर्पणपरा श्रीराज राजेश्वरी) से अभिमंत्रित जल द्वारा चित्–स्वरूपिणी देवी का आह्वान किया जाता है।

वटुक भैरव मंत्र :–

ॐ ह्रीं श्रीं देवीपुत्र वटुकनाथाय नमः

• वटुक भैरव का ध्यान मंत्र सात्विक–राजसिक–तामसिक शक्तियों को पार कर, शुद्ध चैतन्य स्वरूप में समाहित होती है।

कुलाकुल के अर्न्तगत बीजगर्भ में स्थित 'शैवी–दिव्यज्योति', वटुक की शक्ति है। वटुक शिव का ही बालक स्वरूप है। यह शक्ति ब्रह्मी शक्ति का सृजन हैं। वटुक माया से विमोहित होकर सांसारिक शक्तियों का अवलोकन करता है, वह पंचभूतात्मक तत्वों के अन्तर्गत शुद्ध–सात्विक शिव का ही पर्याय बन जाता है। अपनी प्रच्छादन की क्रीड़ा से संकुचित होकर 'मंत्र'–महेश्वर में ही प्रवेश करता है। वह इस प्रकार है :–

ॐ ।। श्री वटुक भैरवो देवता अनुष्टुपछन्दः। ह्रीं बीज वटुकायेति शक्तिः प्रणवः कीलम्। अभीष्ट सिद्धचर्थे जपे। पाठे। यज्ञे विनियोगः।

"ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय नमस्कार मंत्रः।। ॐ।।

अनुष्टुप छन्द से आवृत श्री वटुक भैरव का विग्रह 'वटक नो'ट' है। ह्रीं बीज से समाहित वटुक की ही शक्ति 'राम गो'ड' है।

इसका कीलित प्रणव अर्थात गायत्री स्वरूप ऋषि डुलिज है। अभीष्ट सिद्धियों के प्रतीक क्षेत्रपाल (सञिवारि) हैं। लिगं स्वरूप 'सञि पो'तुल' शिव से पृथ्वी तत्व तक का शैवी अवरोहण है। यह वटुक राज भैरव की आगम शास्त्रों पर आधारित अनुष्ठान है।

यज्ञदेवता स्वरूप वैश्वदेव 'त्रिकाग्नि' का अवतीर्ण है। कश्मीरी पंडितों की आध्यात्मिक संस्कृति में वटुक राज भैरव शिव–शक्ति का प्रतिक भी है और यथार्थ भी। इस पूजा–पद्धति में हम अपने पितृदेवों का भी आवाह्न करते हैं, और उनसे आशीष भी मांगते हैं। आखरोट ऋतुफल होने के कारण ब्रह्मी शक्ति का प्रसाद है। जो चतुर्वेदों का ज्वलन्त प्रतीक है। वेद चार होते हुए भी परमेश्वर की ही वाक्स्फुर्ति है। अतः वेद शब्द ओ३म्कार का प्रसाद, स्पन्द एवं प्रत्यभिज्ञा है।

यही वटुकराज–'विश्वेश्वर महादेव राज राजेश्वर' कहलाया जाता है महादेव पार्वती सहित परमेश्वर की 'त्रिकावस्था–देवी पुत्र' वटुक नाथ है। जो काल रात्रि (प्रदोष रात्रि) में भी शिवरात्री का ही स्थूल–रूप है। सूक्ष्म–कारण सिद्ध वटुक आध्यात्मिक चेतना का श्री शिखर में अवतरित होता है। और श्रीचक्र के सुमेरू में सदा विराजमान है।

इति शुभम्।

नादिम जी की जयन्ती–फाल्गुन शुक्ल दशमी पर विशेष

पंडित दीना नाथ नादिम रचित

कश्मीरी कहानी–जवाबी कार्ड

आलोचनात्मक प्रस्तुति : प्रोफेसर भूषणलाल कौल

बीसवीं शताब्दी में आधुनिक कश्मीरी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर स्वर्गीय पण्डित दीनानाथ कौल 'नादिम' (1916–1988 ई.) ने ही कश्मीरी कहानी साहित्य के इतिहास में कहानी–लेखन का प्रथम प्रयोग किया है। मैं 'जवाबी कार्ड' (लेखन वर्ष सन् 1948) को बिना किसी सन्देह के कश्मीरी भाषा में लिखित प्रथम कहानी मानता हूँ। हिन्दी साहित्य में पण्डित चन्द्र धर शर्मा गुलेरी ने 'उसने कहा था' (सन् 1915 ई.) लिखकर प्राप्त हुई। कश्मीरी भाषा में लिखित कहानियों का कोई भी संग्रह तब तक श्रेष्ठ प्रतिनिधि संग्रह नहीं माना जायेगा जब तक न उसमें 'नादिम' की कहानी 'जवाबी कार्ड' संकलित हो। कहानी छः दृश्यों पर आधारित है। शैली वर्णनात्मक है। यद्यपि संवाद–शैली भी व्यवहार में लाई गई है।

स्वतंत्रता प्रप्ति, देश विभाजन, कश्मीर पर कबाइली आक्रमण, मिलीशिया नाम से कश्मीर में सेना के एक नये पैदल सेना–दल का संगठन तथा कश्मीरी नवयुवकों की देश अभिमान की रक्षा के हेतु सेना में भर्ती होना तथा शत्रु सेना से लड़ते लड़ते शहीद हो जाना आदि घटनाओं के आधार पर ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि के साथ नादिम साहब ने 'जवाबी कार्ड' कहानी का सर्जन किया है।

कहानी का केन्द्रीय पात्र 'जून द्यद' है। अपने स्नेहमय व्यवहार से उसने गाँव वालों का दिल जीत लिया है। वह सब की माँ है, गाँव में उस का बड़ा सम्मान किया जाता है। उसकी बात को कोई टाल नहीं सकता। उसने दूर के एक रिश्तेदार के लड़के को मातृस्नेह से अभिभूत कर दिया है। कुछ लोगों का कहना है कि जून द्यद ने उसे मकदूम साहब की दरगाह की सीढ़ी से उठा लिया था और स्वयं पाल पोस कर पुत्र रूप में स्वीकारा और वह भी उसे माँ समझ कर पुत्र–कर्तव्य निबाहता रहा। जून द्यद का पुत्र गुलसॉब है जो मिलीशिया में भर्ती होकर प्रशिक्षण पाने के बाद सीमा क्षेत्र में डयूटी कर रहा है।

एक दिन वह गाँव आया तो पास पास स्थित दों गाँव के समस्त लोग–पुरुष, स्त्री, बच्चे–उसे मिलने आते हैं वह कुछ दिन गाँव में ठहर कर जब वापस जाने लगा तो गाँव वालों ने भाँति भाँति के उपहार देकर और आशीर्वादों का कवच पहनाकर उसे युद्ध क्षेत्र में कर्तव्य–निर्वाह के हेतु विदा किया।

कुछ दिनों के बाद माँ जवाबी कार्ड भेज देती है लेकिन बिना उत्तर के कार्ड वापस पहुँचता है। गाँव में मातम छा जाता है। बड़ी मुश्किल से यह सूचना ज़ूनद्यद को दी जाती है। ऐसा समझा जाता है कि गुलसॉब रणक्षेत्र में अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं

तभी तो कार्ड बिना उत्तर के वापस आ गया।

माँ के लिये ये असहनीय क्षण थे। विक्षिप्तावस्था में कार्ड हाथ में लेकर गाँव वालों से कहती है कि गुलसॉब ने 'मुझे औरतों की फौज मे भर्ती होने के लिये' लिखा है और एक दिन सचमुच लकड़ी का बन्दूक लेकर और सफेद ढीला परिधान धारण कर तथा कमरबंद बांध कर वह निकल पड़ती है। गाँव वालों का कलेजा मुँह को आता है यह वह दिन था जब गाँव में मौत की मुर्दनी छाई थी, कौए भी वृक्षों पर खामोश मातम कर रहे थे।

1. कहानी एक विशेष घटना–चक्र पर आधारित है। कश्मीर के सांस्कृतिक जीवन में हिन्दू–मुसलमान का गंगा जमुनी मेल देखते ही बनता है। कहानी के अन्य

पात्र हिन्दू मुसलमान दोनों हैं और जूनद्यद सब की माँ है। वात्सल्य का अथाह स्त्रोत उसके व्यक्तित्व में सतत प्रवाहित देखने को मिलता है।

2. यह वह ज़माना है जब पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित कबाइली आक्रमणकारियों को देश के बाहर खदेड़ने के लिये लकड़ी के बन्दूक लेकर सड़कों पर मार्च करते हुए लोग देखे जाते थे और सहगान के रूप में समवेत स्वर में गाते थे –

'हमलाआवर ख़बरदार हम कश्मीरी हैं तैयार।'

3. सम्पूर्ण कहानी का अपना विशिष्ट आँचलिक रंग है। परवर्ती युग में आँचलिक कथा साहित्य की एक विशिष्ट प्रवृत्ति विकसित हुई लेकिन नादिम साहब ने सबसे पहले कश्मीर के अंचल को सहजता के साथ कहानी की पृष्ठभूमि में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

4. 'नादिम' साहब कश्मीरी भाषा के महान विद्वान और ज्ञाता थे। नये शब्द प्रयोगों के सर्जन में उन्होंने अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया है।

सर्व प्रथम कश्मीरी कहानी में मनोविश्लेषण की पद्धति को अपना कर जूनद्यद के मानस की व्यथा और अन्तरात्मा की पीड़ा को लेखक ने बड़ी कुशलता के साथ अभिव्यक्त किया है। विक्षिप्तावस्था में किस प्रकार आदमी वस्तुस्थिति के प्रति अपनी मानासिक प्रतिक्रिया व्यक्त करता है और प्रकृति किस प्रकार अनकूल वातावरण की सृष्टि करती है–यह अन्तर बाह्य साम्य प्रस्तुत कहानी में देखते ही बनता है।

5. कहानी का घटना परिवेश वास्तविक वस्तुस्थिति के साथ जुड़ा है। इस में सन्देह नहीं कि कश्मीर में बड़े बुजुर्गों का सम्मान होता था। उनकी हर बात को आदेश के रूप में स्वीकारा जाता था। ग्रामीण जीवन में धर्मिक– सामाजिक गतिविधियाँ बड़े बुजुर्गों की देखरेख में ही सम्पन्न होती थीं।

कुछ दिनों के बाद माँ जवाबी कार्ड भेज देती है लेकिन बिना उत्तर के कार्ड वापस पहुँचता हैं। गाँव में मातम छा जाता है। बड़ी मुश्किल से यह सूचना जूनद्यद को दी जाती है। ऐसा समझा जाता है कि गुलसॉब रणक्षेत्र में अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं तभी तो कार्ड बिना उत्तर के वापस आ गया।

जूनद्यद वस्तुतः हमारे सास्कृतिक जीवन में इसी वैशिष्ट्य की प्रतीक है। सम्पूर्ण कहानी में वह आदि से अन्त तक बदलते घटना चक्र के साथ जुड़ी है और उसकी मनःस्थिति के एक कारूण्य दृश्य से ही कहानी का अन्त हो जाता है।

6. अनुवादक महोदय (डॉ. बद्रीनाथ कल्ला, हिन्दी अनुवाद) ने यथा सम्भव कश्मीरी शब्दावली को हिन्दी में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। जहाँ उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव हुआ वहाँ उन्होंने मूल कश्मीरी शब्दों के द्वारा ही कहानी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

मैं समझता हूँ कि यह नितान्तावश्यक है कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के कलेवर में प्रादेशिक भाषाओं और बोलियों के सर्व प्रचलित शब्द तत्सम रूप में ही ग्रहण किये जाये। 'फ़यरन', 'पोछ', 'दद्यद', 'कावमाल्युन', 'संगरमाल' आदि शब्दों का इनके तत्सम रूप में ग्रहण करना होगा। यह हिन्दी भाषा के हित में है क्योंकि राष्ट्रभाषा के रूप में यह समस्त भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। किसी हिन्दी भाषा–भाषी प्रदेश का ही नहीं।

7. प्रस्तुत कहानी का हिन्दी अनुवाद पढ़कर मुझे लग रहा है कि अनुवादक को तनिक सावधानी के साथ अपना कर्तव्य निबाहना चाहिये था। पण्डित दीनानाथ 'नादिम' की कश्मीरी कहानी का अनुवाद हो रहा है यह कोई साधारण बात नहीं है। अनुवादक की एक भूल भी कहानी को बेजान बना सकती है। फिर भी प्रयास स्तुत्य है। मेरा विचार है कि किसी भी लेखक को 'हर फ़न मौला' बनने का प्रयास नहीं करना चाहिये।

स्वर्गीय 'नादिम' ने यह कहानी लिख कर वस्तुतः अपने संवेदनशील व्यक्तित्व का एक मनोरम छवि चित्र सहृदय लेकिन प्रबुद्ध पाठक के सम्मुख प्रस्तुत किया है।

संपर्क : 'पर्ण कुटीर', दरमाल, बरनाई रोड, जम्मू–181205

आस्था – (यछ़ – पछ़)

■ डॉ. कौशल्या चल्लू (लाहौरी)

तुम्हारे लिए कितने नाम खोजे
बन्धु सखा, सहचर–
नहीं
मेरी आस्था के दूंत – हां देवदूत
स्मिता की धूल–धूसरित परतों को
हिलाते इतराते इठलाते,
तुम उतरे
नैनों के दो ज्योर्तिमय दीप लिए–
धुंधला मन प्रांगण हो उठा दीपित,
अनदेखे कोने हो गए प्रकाशित।
तेरे स्वागत में,
नैनों से ढुलके दो अश्रुकण,
जो बने दिये–
सुनते आए थे
"नीर बने मोती सीपों के बंधन में"–
पर
माणिक मन में ही ढ़ले यूं
ज्यों नत मुख कमल पांखुरी पर शबनम,
बंधन तो होते सूक्ष्म,
अपनेपन में अत्याधिक सूक्ष्म,
ज्यों स्वर्ण–रशिम छूती शिखर को
प्रफुल्ल विकास देने पंकज को
संशय से परे– अहं सीमा के पार
दम्भ की चोट से बाहर– एक स्वर्गिक अनुभव।
विषय कालकूट दूर रहे इससे– जिसने
ईश को भी कर दिया नीलकंठ।
तुम जबसे आए,
अपने को जाना,
दिग्दिगंत में उड़ा था
चिथड़े सा विश्वास,
मिट आया बाहों में फिर,
कमलिनी खिल उठी
दीप टिमटिमा उठे,
उंषा के दूधिया पर्वत
शुभ्र फेनिल झरने,
नहलाते गाछ खिलखिला उठे
ज्यों विधवा की सूनी मांग में
रथी ने खुद भर दिया सिन्दूर।
नदियों के रिपटते आंचल में तुमको देखा
लहलहाती हरी वादियों में तुम आए–
केसर क्यारियों में, लहराती झीलों में
हम साथ–चलें।
परिचित सूनापन–कैसे हुआ अपरिचित,
हंस कर खुद पूछा 'अचरज' से
खिल उठा अर्न्तमन।
न तोड़ो यह कोमल डोर
बंधे रहने दो आत्मा के कोर
फड़फड़ाओं पन्ने इस भूली पुस्तक के
रंग दो फीके परिधान को
छुड़ाना न आचंल गर उलझे काटों में भी
तोड़ोगे दर्पण तो
खंड–खंड में भी
झांकोगे अपने को ही
यह चुम्बक– यह आर्कषण
बनेंगे स्वयं आलम्बन–
लिखेंगे खुद परिभाषा। ❑

प्रार्चाया, प्रिस्टीन चिल्ड्रेन्स हाई स्कूल,
मझौलिया रोड, मुजफ्फरपुर (बिहार)–842001

संस्मरण

ज़ून द्यद

■ सुरेन्द्रनाथ गुर्टू

दिल्ली की झुलसती गर्मी, ऊपर से लाइट का छुपन-छुपाई का खेल। हम लोग जानते 'हिन्दुस्तान-कश्मीर' जैसे ठण्ड़े प्रदेश के रहने वाले, कहां फंस गये आकर गर्मी की झुलसन के बाद बरसात का दूसरा ही रंग। सीलन और पसीने की बदबू से बेहाल। त्राहि-त्राहि......। हे! त्रिशूलधारी हम को किन पापों की सजा दे रहे हो। दिल बार-बार यही सोचता है और मन मसोस कर रह जाता है।

ऐसे ही झुलसते वातावरण में एक शाम लेटा-लेटा अतीत की यादों में झूलने लगा। बाइस्कोप की तरह मेरे समाने बीती यादें परत दर परत आती और चली जाती। अटक गया जब 'ज़ून मॉज' और 'रमज़ान चाचा' की प्यार भरी नज़रें मुझको देखकर अपनी ओर आकर्षित करने लगी। ज़ुव मॉज़ को सब लोग जून द्यद के नाम से पुकारते, पर मेरे लिये तो वह ज़ुव मॉज ही थी। जुव मॉज व रमज़ान चाचा का मुस्कान भरा चेहरा मेरे इरद-गिरद घूमने लगा। ज़ुव मॉज़ का पुचकार-पुचकार कर मुझे बुलाना अपने फिरन के अन्दर ले जाकर अपने सीने से लगाना और बोसों की भरमार से मुझे एहसास कराना कि मैं ज़ुव मॉज को सबसे प्यारा बेटा हूँ। ज़ुव मॉज़ की ममतामई गर्म सांसों का आभास मेरे कुरेदे हुए ज़ख्मों पर मरहम का काम करने लगी। मेरी आँखे ड़बड़बा गई और मैं मंत्र-मुग्ध-सा अपनी प्यारी ज़ुव मॉज़ को निहारता रहा। यह किस्सा क्या है? ज़ुव मॉज़ कौन थीं? आँसूं क्यों टपक पड़े? सुनाता हूँ, सुनाता हूँ।

श्रीनगर की नई सड़क पर हमारा घर था यहाँ हिन्दू व मुस्लमान दोनों साथ-साथ रहते थे। हमें बिलकुल आभास न था कि हिन्दू और मुसलमान अलग-अलग फिरके हैं, हमारे बुजर्ग भी हमारे इस प्यार को प्रोत्साहित करते थे। हम सब बच्चे मिलकर छुपन-छुपाई या ओकुस-बोकुस का खेल खेला करते। हम लोग एक-दूसरे के बड़े दिन साथ-साथ मनाते ओर अपने प्यार में चार-चाँद लगते। किस्सा-कोताह सब मेल-मिलाप और प्यार से ही रहते।

एक परिवार हमारे प्यार और मेल-मिलाप का खास केन्द्र था। कोई दस घर छोड़कर जून द्यद, रमज़ान ज़ुव और उनका बेटा गुलामा रहता था। मैं अपनी माँ के पास कम और ज़ुव मॉज़ के पास ज्यादा रहता। जब भी घर में डांट पड़ती मैं भागा-भागा ज़ुव मॉज़ के फिरन के अन्दर जाकर सिसकियाँ लेता हुआ उनसे चिपक जाता। वह सारा काम छोड़कर मेरे अन्दर के सहलाब को थप-थपाती और प्यार भरी नज़रों से मुझको बोसे पर बोसे लिये जाती और गुस्से में मेरी माँ से जाके कहतीं अगर इससे उकता गये हो तो छोड़ दो इसे मेरे ही पास। मैं इसका उतरा चेहरा और रोती हुई आँखे बरदाश्त नहीं कर सकती। (ज़ुव माँ के इन वाक्यों को लिखते वक्त अनायास हो मेरी आँखों से आँसू टपक पड़े और लिखाई का कुछ हिस्सा धूमिल पड़ गया।)

इसी तरह दिन सुख व प्यार से कट रहे थे कि अचानक हमारे प्यार पर शनीश्चर आन बैठा। शेख मुहम्मद अबदुल्ला जो कि उस वक्त पक्का फिरका परस्त था, ने हम भाइयों में भेद-भाव के बीज बोने शुरू कर दिये। धीरे-धीरे नासूर बढ़ता गया जो कि 1931 में फूट पड़ा। मुसलमान हिन्दुओं को मारने लगे। गावकदल और मैसूमा बाज़ार के मुसलमान कुल्हाड़े-डंड़े आदि लेकर नई सड़के के हिन्दुओं को ललकारने और पत्थर मारने लगे।

तब मैं बहुत छोटा था। हमारा घर सड़क के किनारे पर था। तीसरी मंजिल पर डब (लकड़ी की एक्सटेन्शन) थी। मैं उसकी छेदों में से यह सारा हाल देख रहा था। मुसलमानों के झुंड़ में ज़ुवमॉज़ का बेटा 'गुलामा' भी हिन्दुओं पर पत्थर बरसाता और अपना रोष प्रगट कर रहा था। इधर हिन्दुओं के झुंड़ में ज़ुव मॉज़ व रमज़ान चाचा आँखें लाल पीली करके गुलामे को हाथ उठा-उठा

कर कोस रहा था और टोकरी में पत्थर ला–ला कर हिन्दुओं के आगे रख कर कहता मारो तुम भी तुमने चूडियाँ नही पहन रखी हैं।

फिर क्या हुआ, मुझे याद नहीं। कुछ दिन के बाद हालात सुधर गये। लोगों को कहते सुना शेख ने अपना नफा–नुकसान सोच कर नई पार्टी 'नेशनल कांफ्रेन्स' बना ली है और वह पडिण्त नेहरू के साथ मिल गया है।

कुछ दिनों के बाद मैं महसूस करने लगा कि गुलामा मुझ को पहले से ज्यादा प्यार जता रहा है। मैं अनमना सा उसके प्यार को अपनी मायूस नज़रों से परखने की कोशिश करता रहा। एक दिन मैं जुव मॉज़ की गोद पर सिर रख कर लेटा था, वह मेरे बालों में उंगलियाँ ड़ाल कर सहला रही थी और सामने बैठी मेरी माँ से कह रहीं थी कि अब गुलामा कभी ऐसी गलती नहीं करेगा। उस को अब्बा ने समझा दिया है कि हम सब पहले 'बटुॅ' (कश्मीरी ब्राह्मण) ही थे। पड़ोस के मुल्कों से लालची–दरिदों ने यहां अपना कब्जा जमा कर हमें जबदस्ती मुसलमान बना दिया। हम बुज़दिल निकले और उनका मज़हब कबूल कर बैठे। यह लोग तो हिम्मत वाले निकले। उनके जुल्म बरदाश्त किये पर मज़हब नहीं बदला। क्या तुम इनको महान नहीं समझते। हमारे बुजुर्ग भी बटुॅ ही थे और हम सब उन्हीं की सन्तान हैं। गुलामा रोया और हाथ ऊपर उठाकर खुदा से माफी मांगी।

हालात बदलते रहे और सियासतदान और फिरकापरस्त गिरगिट की तरह रंग बदलते रहे। उनकी मज़हबी और सियासती कुल्हाडों की चोटें हिन्दू सहते रहे। उन्हें चैन तब पड़ा जब हिन्दू मार–काट के बाद कश्मीर से निकाले गये।

मैं उन सियासत दानों और मज़हब परस्तों से पूछ रहा हूँ क्या उनके हथकंड़े जुव मॉज़ के प्रति मेरा प्यार, मेरी उनके प्रति इज्जत मुझसे छीन सकते हैं। क्या वह नहीं जानते कि कश्मीर में जुव मॉज़ जैसी कई माँयें हैं जिनकी आंखे खोई–खोई सी हमें ढूढ़ रही हैं और हम ठगे–ठगे से ममतामई माताओं के प्यार को तरस रहे हैं।

उस समय तो मैं सिर्फ एक तमाशागीर था। पर आज मेरी भरी हुई आंखे जुव मॉज़ को तलाश रही हैं। मैं आज, भी इस वक्त भी, जुव मॉज़ की छाती से चिपटा उनकी गर्म सांसों को महसूस कर रहा हूँ। हाय! वह प्यार, वह शेहजार कहां काफूर हो गया। मैं जुव मॉज़ के चरणों की रज कब अपने माथे पर लगा कर कुछ राहत महसूस कर सकूंगा। ईश्वर सब को सद्बुद्धि दे।

एल–4 कश्मीरी अपाटमेंन्ट,पीतम पुरा, दिल्ली

पाठकों की प्रतिक्रिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिनांक 18 जनवरी 08 को आईबीएन 7 के '7 स्पेशल' में श्रीलंका के एक विद्वान और ऐतिहासिक शोधकर्ता के तस्वीरों द्वारा प्रमाणित करने की बात कही गई कि रामायण की कथा सच्ची है और श्रीराम ने वास्तव में लंका पर आक्रमण किया था, लंकापुरी को जलाया था, रावण का वंध किया था और विमान में अयोध्या लौटे थे। (शोधकर्ता ने) अशोक वाटिका, रणभूमि, संजीवनी बूटी वाली पहाड़ी (जो हनुमान भारत से उठाकर ले गये थे) इत्यादि के चित्र प्रस्तुत किये। पर हाय रे हमारा दुर्भाग्य! हमारे नेता (विशेषकर कांग्रेसी) और सरकार राम के अस्तित्व को मानने से इंकार करते हैं। आज यदि गांधी जीवित होते तो उनका उन्हीं के तथाकथित अनुयायियों का यह मत जीते जी 'राम, राम सत्य' कर देता। वह बेचारे तो 'हे राम' कहकर परलोक सिधारे थे। भला उन्होंने अंतिम घड़ी में किस राम से आश्रय मांगा था? कांग्रेसी नेताओं और सरकार के विचार में भारत के अंतःकरण और कण कण में बसे राम कभी थे ही नहीं। तो क्या भारत के कोने कोने में हज़ारों साल से एक दूसरे का अभिवादन 'राम–राम' अकारण होता आ रहा है? राम के अस्तित्व को नकारना भारत की संस्कृति और आत्मा से इंकार करना है। हो सकता है आज श्रीराम के हुये होने के पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध न हों पर भारतीय जनता की मान्यताओं को बिना गंभीर विचारों और शोध के सिरे से अस्वीकार करना विज्ञान और वैज्ञानिकों का शेवा नहीं। मिस्र के पिरामिड और ममीज जभी खोज निकाले गये (और अब भी तलाशे जा रहे हैं) जब लोक मान्यताओं और ग्रंथों को गंभीरता से लिया गया। भारत सरकार को भारतीय बनने की आवश्यकता है। उसे तुष्टिकरण और राजनैतिक बाध्यताओं से ऊपर उठकर श्रीराम के हुये होने के प्रमाण ढूंढ़ने चाहिये और इसका शुभारम्भ अयोध्या में खुदाई से किया जा सकता है।

अदॅ क्याह स्ॅचर!

तुहुंद श्वब कांछान

हृदयनाथ कौल 'रिंद'

"शिवाशीष", 81, अणुशक्तिनगर, न्यू समा रोड, वडोदरा–390008

एक कॉफी – हाऊस की जलावतनी

■ श्यामं कौल

अंग्रेज़ों के बारे में कहा जाता है कि अगर कहीं किसी रेगिस्तान में दो अंग्रेज़ मिलेगे तो सबसे पहले वे कल्ब खोलेंगे। कश्मीरियों के लिए भी कहा जा सकता है कि वे जहां कहीं भी जाएंगे वहां वे सबसे पहले अख़बार खोजेंगे। खबरें जानने की उनकी उत्कट भूख की तुलना उनके गपियाने के शौक से ही की जा सकती है। इसलिए वे मिलने–जुलने के लिए कॉफी–हाऊस जैसी जगह की तलाश करेंगे।

यही कारण है कि आजकल जम्मू में दिन ढलने से घटों पहले ही सभी आखबार और पत्रिकाएं तुरत–फुरत बिक जाती हैं। और तवी के सुरम्य तट पर जम्मू कॉफी–हाऊस सहसा जीवन्त हो उठा है, अन्यथा जो निर्जन और वीरान रहता था।

प्रायः इस कॉफी–हाऊस की कश्मीरी–बहुल भीड़ में साहित्यकार, शिक्षक, कवि, पत्रकार, चित्रकार, रंगकर्मी, वकील, युवा बुद्धिजीवी और राजनीतिक कार्यकर्ता मिलेगे जो यहां कश्मीर से आये हैं, और जिन्हें 'माइग्रेन्ट' जैसी एक असंगत संज्ञा से जाना जाता है। हालांकि वे साफ तौर पर निर्वासित लोग हैं, जिन्हें समूची कश्मीर–घाटी, जिसे कभी 'खुशहाल घाटी' के रूप में जाना जाता था, में दूर–दूर छितरे घरों से बेघर किये गये हैं।

इस कॉफी–हाऊस में सब कुछ जस का तस है। अंतर केवल इतना है कि इंडिया कॉफी–हाऊस यहां श्रीनगर के रेजिडेंसी रोड पर न होकर जम्मू की तवी के किनारे पर है। बाकी सब कुछ वैसा का वैसा है। वो ही चेहरे, वो ही लोग, वो ही आवाजें, वो ही जीवन्त बहसें, और जिस पर वो ही मसाला डोसा, प्याज पकौडे और वेजिटेबल सेंडविच के साथ कॉफी। यहां तक कि इस कॉफी–हाऊस में बैरे भी वो ही हैं जिन्हें कश्मीर से यहां ले आया गया है। पूरा परिदृश्य वही है। कोई बदला नहीं। सिर्फ जगह बदली है।

वास्तव में यह कश्मीर से जम्मू आया हुआ एक निर्वासित कॉफी–हाऊस है। यहां उत्साह में जरूर एक बदलाव दृष्टि गोचर होता है। श्रीनगर में नियमित रूप से कॉफी–हाऊस आने वालों के पुर सुकून दमकते चेहरों की बात कुछ और थी। तनाव रहित, विश्रान्त और निश्चित चेहरे। अपने साथ जुड़े या गैर–संबंधित मुद्दों और विषयों पर अन्तहीन बहसों में डूबे रहने वाले लोग। बहस के लिए बहस करते लोग। यहां वो बात नहीं। यहां वे कसे हुए से और तनावग्रस्त दिखते हैं। चेहरों पर उद्वेलित मन की झुर्रियां लिए हुए। उनमें से अधिकांश इतने चिड़चिड़े हो गये हैं कि जरा जरा सी बात पर तुनक उठते हैं। हर बात की धुरी कश्मीर है, वो षड्यन्त्र है जिसके चलते उन्हें वहां से खदेड़ा गया। सोच में कश्मीर है। सांस–सांस में कश्मीर है। वे खुली आंखों से कश्मीर के सपने देखते हैं।

उन्हें 'माइग्रेन्ट' कहलाये जाने से चिढ़ है जो सही भी है। उन्हें अपनी धरती से उखाड़ फेंका गया है। वे अपना सर्वस्व छोड़कर आये हैं। अपना अतीत। उनका नास्ताल्जिया। पुरखों की धरती। अपना भविष्य। उससे जुड़े सपने। पूर्वजों की भूमि के सपने। वे निर्वासन में ज़रूर यहां हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं। परंतु उनकी आत्माएं वहीं है अपने देश में। उन्हें अपने प्राचीन कालिक मूल निवास से खदेडा गया है। उनसे उनका परिवेश खो गया है, जो युगों युगों से उनका अपना था, जिसके इर्द–गिर्द उन्होंने सपने बुने थे, आकांक्षाएं बुनी थीं।

उनमें से प्रायः प्रत्येक की विस्थापन–गाथा लगभग एक सी है। वे घाटी से भाग आये क्योंकि उनके परिवार का कोई सदस्य या कोई संबंधी या कोई पड़ोसी या कोई मित्र मार डाला गया। अथवा उसका अपहरण किया गया, यातनाएं दी गई, निर्दयता से उसकी हत्या की गई, बर्बरता से उसकी आंखें फोड़ी गई, उसके हाथ–पांव, घुटने–पसलियां, टांगें तोड़ दी गई, सिर में

कीलें ठोकी गईं या आरे पर उसके शरीर को चीर डाला गया। घर में बम फेंका गया या पड़ोसी के यहां विस्फोट हुआ। एक गुर्राता हुआ फोन या धमकी–पत्र आया कि भाग जाओं अन्यथा मरने के लिए तैयार रहो। किसी दोस्त की बेटी या अपनी ही पुत्री के साथ बदतमीजी की गई, सड़क पार का घर जला डाला। एक समाचार–पत्र (दैनिक अलसफा) ने हमारे समुदाय के नाम सुर्खियों में अड़तालीस घंटों में कश्मीर से भाग जाने के आदेश का पालन न करने पर बर्बाद किये जाने की धमकी प्रकाशित की। आदि–इत्यादि।

पर जो भी हौलनाक परिस्थितियां रही हों जिनके चलते परिवार भाग खड़े हुए, एक सर्वव्यापी दहशत ने उन्हें अपने घरों से बाहर खदेड़ा; अपनी घाटी से निष्कासित किया जहां वे शताब्दियों से पीढ़ी–दर–पीढ़ी लाखों अन्य धर्मावलंबी लोगों के साथ सुख–शांति से रहते–बसते आये थे। वे हज़ारों की संख्या में भागे। अहानिकर और शांतिप्रिय लोग। कभी किसी पड़ोसी के घर पर कंकर तक नहीं फेंका था। एक अपशब्द तक न कहा होगा। इतने सुसभ्य लोग। सौ के सौ फीसदी शिक्षित। अपराध की कोई दर नहीं। अवैध, असामाजिक, देशद्रोह के किसी उदाहरण का रिकार्ड नहीं, बेमिसाल थी देश प्रेम की भावना और कर्तव्य–परायणता।

ये अहिंसा के पुजारी शांतिप्रिय और सुसभ्य लोग इतिहास के उस मोड़ पर भागे जब उन्हें पूरा यकीन हुआ कि अब अपने घरों में सुरक्षित नहीं। ऐसे बहुतेरे उदाहरण हैं जब उन्हें परिस्थितिवश अपने मुसलमान दोस्तों ने भाग निकलने को कहा। ज्यों ज्यों सशस्त्र विद्रोह ज़ोर पकड़ता गया सरकारी अधिकारियों ने भी बहुत सारे लोगों को घर छोड़कर सरकार द्वारा श्रीनगर के कई इलाकों में बनाए सुरक्षा–जोनों में जाने की सलाह दी।

हर सुबह जब यहां कॉफी–हाऊस में इस उजड़े और आतंकित समुदाय के बुद्धिजीवी आ बैठते हैं तो अपने भागने के अनुभव बताने को आतुर होते हैं कि वे किन हालात में यहां पहुँचे। वे अपने आहत मन की पीड़ा और वेदना को कहने के लिए यहां आते हैं। वे बिना आँसू बहाए रोना चाहते हैं। क्योंकि अपने घर और वतन से निकाल दिये जाने से बड़ी कोई त्रासदी नहीं हो सकती।

इस बन्दूक–संस्कृति के शिकार ये बदनसीब लोग घाटी के ऊँचे पर्वतों के इस तरफ उतरते ही बेगाने और अजनबी हो गये हैं। बाहर के लोग! यहां तक कि सरकार भी उनके साथ ऐसा ही बर्ताव करती है। उन्हें घर की याद सताती है। वे उस दिन की राह देख रहे हैं जब वे वापस अपने घरों को जाएंगे।

इधर जबकि ये विस्थापित अल्पसंख्यक हिंदू अपनी जन्मभूमि कश्मीर से जुदाई की तकलीफ झेल रहे हैं, कश्मीर घाटी में उनको लेकर एक किस्सा गढ़ा गया है कि ये लोग खुद ही भाग गये, उन्हें किसी ने भागने को नहीं कहा था; उनके जान–माल को भी कोई खतरा नहीं था।

एक तरह से देखा जाए तो यह सच है कि कश्मीरी पंडित के घर में यह कहने के लिए कोई नहीं आया कि तुम भाग जाओ। परंतु वर्ष 1990 के शुरू होते ही जैसी परिस्थितियां जिस तेज़ी से बनती जा रही थीं उनके चलते किसी भी व्यक्ति को यह बात बताने की ज़रूरत भी नहीं रह गई थी। चारों तरफ जो कुछ घट रहा था उसमें निहित संदेश साफ और मुखर थे।

आप किसी के पिता को मारिए, उसके बेटे या किसी संबंधी या पडोसी की हत्या कर डालिए तो उसे भाग जाने के लिए कहने का इससे प्रकट तरीका और क्या हो सकता है! यह उसके लिए चेतावनी है कि अब सूची पर तुम हो। उसे धमकाने और आतंकित कर भगाने का दूसरा बेहतरीन तरीका और क्या हो सकता है कि आप उसके घर में बम–विस्फोट करते हैं या उसके घर को आग लगाते हैं! उसे भगाने पर विवश करने के लिए उस पर और जुल्म ढाया जा सकता है कि उसकी बेटी, बहन या अन्य किसी संबंधी का अपहरण होता है और बलात्कार के बाद उसे मार दिया जाता है। किसी अन्य व्यक्ति को अगवा कर उसकी कटी हुई नसों से खून निर्बाध बहने दिया जाता है। वह तड़प तड़प कर मर जाता है। दूसरे व्यक्ति की आंखें निकाल दी जाती हैं या उसके शरीर को गर्म सलाखों से दाग दिया जाता है या उसके माथे में कील ठोक दी जाती है या उसकी आंखों में सुई चुभो दी जाती है। ऐसे भी कई लोग हैं जिनकी जीभें काटी गई और हाथ–पांव तोड़ गये। बस में यात्रा

कर रहे किसी अन्य आदमी पर गोलियों की बौछार कर दी जाती है। दूसरे को ऑफिस में काम करते हुए गोलियों से भून दिया जाता है। एक अन्य व्यक्ति को अपने बीमार माँ–बाप को देखने के लिए उनके घर में घुसते हुए ढेर किया जाता है। वहीं दूसरे आदमी को उसके घर में घुसकर उसे खाली ड्रम में छिपकर बैठने की कोशिश करते हुए गोलियों से छलनी किया जाता है।

एक स्त्री दिन दहाड़े अगवा की जाती है। उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया जाता है, उसके बाद आरे पर चीरकर उसके टुकड़े कर दिये जाते है। और उन टुकडों को यहां–वहां फेंक दिया जाता है। दो बच्चों की माँ एक कालेज टीचर उठा ली जाती है, फिर उसका नामो निशान तक नहीं मिलता। एक अन्य कालेज–टीचर और उसकी किशोर बेटी के साथ उनके घर में और एक दूसरे की मौजूदगी में बलात्कार किया जाता है। ऐसे ही एक अन्य मामले में एक माँ–बेटी के साथ बलात्कार के बाद उन्हें घर के अन्य सदस्यों सहित बेरहमी के साथ मार दिया जाता है। अपहरण के कई दिनों बाद एक दंपति की सड़ी हुई लाशें नदी से निकाली जाती हैं। घर छोड़कर भाग रहे एक युवक को ढेर कर देने के बाद उसके बूढ़े बाप को घर से घसीटकर बाहर लाया जाता है, उसके बाद उसका कोई अता–पता नहीं।

क्या इस सबके बावजूद भी किसी आदमी या उसके परिवार को कश्मीर से भाग जाने को कहना जरूरी था?

कश्मीरी पंड़ित एक छोटा सा समुदाय है। वे या तो एक दूसरे के रिश्तेदार हैं या फिर आपस में एक दूसरे को जानते हैं। किसी एक परिवार में एक हत्या, या एक अपहरण, या विस्फोट या बलात्कार पूरी बिरादरी में हडकंप मचाने के लिए पर्याप्त है।

कश्मीरी पंडितों को इस बात के लिए भी दोष दिया जाता है कि उनके सामूहिक विस्थापन से कश्मीर के मुसलमान बदनाम हो गये। जब कि सच्चाई यह है कि समूचे कश्मीर और अंहिसा, शांति ओर सद्भाव की सदियों पुरानी परंपरा को बन्दूकधारी आतंकवादियों ने बदनाम किया है। और यह भी सही है कि किसी कश्मीरी पंडित ने अपने मुसलमान पंडोसी को उसके विस्थापन के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया है। वे सभी धार्मिक कट्टरता के उफान और बन्दूक के आगमन को अपनी बर्बादी का कारण मानते हैं।

आज कश्मीर मानसिक रूप से आहत है। उसे ऐसा आघात पहले कभी नहीं लगा। यह एक ऐसा सामाजिक–राजनीतिक आघात है जिसकी आग में देश–विदेश की ताकतों द्वारा पोषित धार्मिक कठमुल्लापन आग जुटा रहा हैं पाकिस्तान की गुप्तचर एजेन्सी आई एस आई लगातार इस कोशिश में है कि कश्मीर का अतीत, उसकी सहिष्णुता की संस्कृति, उसकी धरोहर और सर्वोपरि एक महान धर्मनिरपेक्ष जनतंत्र के अंग के रूप में उसकी पहचान कैसे नष्ट हो।

कश्मीर की जनता ने हतिहास के ऐसे अनेक उतार–चढ़ाव देखे हैं। तानाशाही की हद तक धार्मिक उत्पीड़न को भोगा है। उसे जाना हैं। 'एग्ज़ोडस' उनके लिए कोई नयी बात नहीं है। परंतु वे 'एग्ज़ोडस', वे अत्याचार उन्मादी शासकों के दिये हुऐ रहे हैं। जन सामान्य के स्तर पर उनके परस्पर सुदृढ़ एक्य–भाव ने उन्हें हमेशा एक सूत्रता में पिरोये रखा है।

इस बार की बात अलग है। जो आप आदमी के निकटस्थ संबंधी हैं उनके हाथों में क्लाशिन कोव जैसे प्राणघाती हथियार आ गये हैं। वे उनके बच्चे हैं लेकिन उनके पास शस्त्र हैं, वे युवा हैं इसलिए दु:साहसी हैं। उन्हें धार्मिक कट्टरता ने पूरी तरह से बदल दिया है, इसीलिए वे अत्यंत उग्र हैं और तर्क का निषेध करते हैं।

बन्दूक के अक्स्मात आने से प्रत्येक कश्मीरी को झटका लगा है। उसे विस्मय हुआ है। ऐसी असामान्य स्थिति में उनमें से किसी की प्रतिक्रिया सहज और नैसर्गिक नहीं। आतंकवादियों के धर्म से भिन्न दूसरे धर्म का होने के दोष में हिन्दु को कश्मीर से भाग निकलने से बचाव दिखा। मुसलमान ने अपनी सुरक्षा उग्रवादियों की आकांक्षाओं के साथ एकात्मता जतलाने में ही समझी। उसने समर्पण किया। वह घाटी से नहीं भागा और दिनोंदिन उग्रवाद के ज़ोर पकड़ने के चलते वह भी आज़ादी की लहर में बह गया। और मोहभंग की स्थिति शुरू होने तक उसे काफी समय लगा।

ऐसा स्वामाविक भी था क्योंकि हिंसा की संस्कृति

(शेष पृष्ठ72 पर)

संस्मरण

चनैनी का जुगल

जब मैं टोडरमल रोड में रहती थी, तब एक बार पता नहीं कैसे मेरा कंधा जम गया। अपनी कंघी तक करनी मुहाल हो गई। तब वहीं किसी सैर वाली दोस्त ने कहा, यहां पास में ही फिजियोथैरेपी की क्लिनिक है। वहां एक–दो महीने में ठीक हो जाएगा। बस इलाज शुरू हो गया। लेडी डॉक्टर भी मेरा खूब ध्यान रखती थी। मैं कभी भी चली जाती। उस वक्त बेटी के साथ हर पल बंधी हुई थी। वहां मैं देखती–एक सीधा–सा पहाड़ी लड़का सुबह आठ बजे भी काम पर मिलता और शाम को भी। मुझे बड़ी हैरत हुई कि यह क्या हर वक्त यहीं रहता है। मैं जानने को उत्सुक हो उठी। मैंने एक दिन उससे पूछ ही लिया, 'कहां के हो?' वह कहने लगा, 'चनैनी का।' मैंने खुश होकर डोगरी में कहा, 'क्या तुम डोगरा हो?' उसने कहा, 'हां जी, पर आप डोगरी कैसे जानती हैं?' मैंने कहा, 'मैं जम्मू की हूं।' वह बोला, 'आप मैडम के साथ कश्मीरी कैसे बोलती हैं?' मैंने कहा, 'मुझे कश्मीरी आती है। सीखी है मैंने। मैं कश्मीर में काफी दिन रही हूं।' इसके बाद से वह मेरा बड़ा खयाल रखने लगा। वहां पर राजस्थान के अशोक गहलोत भी आते थे। उनकी पीठ में दर्द रहता था। वह हमेशा जुगल को ही पूछते।

एक दिन मैंने उसका सूखा मुंह देखकर पूछा, 'तुम खाना कहां खाते हो?' उसने बुझे मन से उत्तर दिया, 'बना लेते हैं...कभी सामने होटल में भी खा लेते हैं।' मैंने कहा, 'इतवार के दिन छुट्टी रहती है न। मेरे घर पर आ जाना, मैं तुझे राजमा– भात खिलाऊंगी। अंबल भी बना लूंगी।' उसके चेहरे पर खुशी छलकने लगी। फिर वह मायूस–सा होकर बोला, 'इतवार के दिन साहब घर पर ले जाते हैं। कभी छुट्टी मिली, तो आ जाऊंगा।' मुझे गुस्सा आ गया। मैंने कहा, 'ऐसा कैसे कर सकते हैं।' मैंने घर जाते सीनियर डॉक्टर से पूछा, 'आप इन बच्चों को खाना खाने के लिए कब भेजती हैं, मैं जब भी आती हूं। ये बारहों घंटे यहीं काम पर रहते हैं। इनको खाना बनाने का समय मिलता भी है या नहीं?'

डॉक्टर बोली, 'आइए, मैं आपको चावलों की बोरी दिखाती हूं। हम इनको सब कुछ देते हैं।'

मैंने कहा, 'ये बच्चे बारह घंटे काम करते हैं और आप इन्हें पांच सौ रुपये देती हैं। आज के जामने में इससे होता क्या है?'

डॉक्टर की मैं अच्छी दोस्त थी। वह हक्का–बक्का रह गई। मुझे यूं देखने लगी, जैसे मैंने बड़ी बेवकूफी की बात कर दी हो। वह बात को एक तरह से गोल कर गई और मैंने सोचा बस अब जंग शुरू हो गई।

उसी क्लिनिक में सुबह एक राजनीतिज्ञ आते थे। वह बीसेक मिनट एक मशीन पर घूमते और चले जाते। मैं भी कभी–कभी अपनी बेटी को स्कूल की बस पर चढ़ाकर वहां जाती, तो वह वहां

पद्मा सचदेव

जन्म : वर्ष 1940 में हुआ था। पद्मा सचदेव डोगरी कवयित्री के रूप में मशहूर हैं। डोगरी में सात काव्य संग्रह, हिंदी में चार उपन्यास, दो कहानी संग्रह, यात्रावृतांत और कविता संग्रह प्रकाशित हैं। साहित्य अकादमी एवं पद्मश्री सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित। घर में काम करने वालों पर पद्मा सचदेव का यह रेखाचित्र उनके भारतीय ज्ञानपीठ से सद्यः प्रकाशित संग्रह इन बिन... से लिया है।

मशीन पर घूम रहे होते। एक दिन मैंने उनसे कहा, 'आपको नहीं लगता, जो लड़के यहां बारह घंटे काम करते हैं, उन पर जुल्म हो रहा है। आप सुबह, शाम, दोपहर, कभी यहां आएं, ये हमेशा काम में मशरूफ होते हैं। क्या यह जुल्म नहीं है?'

मातृभाषा के प्रति सम्मान लेखक की संवेदना का अनिवार्य पहलू है। लेकिन पद्मा जी ने एक चरित्र में इसे मूर्त किया। और इसकी झलक सिर्फ एक वाक्य में देखी जा सकती है कि 'मेरी मातृभाषा में जब कोई रोता है, मैं सहन नहीं कर सकती।'

वह संजीदा हो गए और कहने लगे, 'पद्मा जी, मैं डॉक्टर से बात करूंगा', जो उन्होंने कभी नहीं की।

अब लीडर की बात पर भरोसा करने जितनी मूर्ख तो मैं आज भी नहीं हूं। उनका अपना काम निकल रहा था, सो वह परमपद प्राप्त किए हुए थे। वहां क्लिनिक में मेरे साथ बेरूखी–सी होने लगी, तो मैंने जाना छोड़ दिया। अब मैं तकरीबन ठीक हो गई थी।

एक दिन मैं घर पर बैठी थी कि जुगल आ गया। रूआंसा–सा थका हुआ मुंह पर मुर्दनी–सी छाई हुई। मैंने पूछा, 'क्या हुआ?'

जुगल एकदम डोगरी जिद्दी और गुस्से से बोला, 'मैं अब वहां न जाऊंगा, चाहे कुछ भी हो जाए। कल रात एक बजे तक डॉक्टर के घर काम करता रहा। वहां पर पार्टी थी। एक बजे मैंने कहा, साहब, अब मैं घर जाऊंगा, तो उन्होंने सबके सामने थप्पड़ मार दिया। मैं वहां से निकल एक दोस्त के घर सोया। वह क्लिनिक के सामने ढाबे पर काम करता है। मेरे कपड़े उसी के घर हैं।'

मैंने उससे पूछा, 'क्या तुमने कुछ खाया है?' वह चुप रहा। मैंने भीतर रसोई में जो खाने को दिया। फिर मैंने कहा, 'तुम जाकर कपड़े ले आओ।...मेरे घर में तुम्हारे लिए बहुत जगह है।'

जुगल खुश होकर बोला, 'मुझे किसी चीज की परवाह नहीं है। मैं तनख्वाह भी नहीं लूंगा। अंदर की गली में जाकर कपड़े ले आता हूं।'

मेरे पति जुगल पर ज्यादा मेहरबान हो गए। असल में, जुगल ने उन्हें बताया था कि उसकी मां बचपन में ही मर गई थी। मेरे पतिदेव किसी पर मेहरबान हो जाएं, तो फिर पूछिए मत। उन्होंने जुगल से पूछा, गाड़ी चलाना जानते हो? जुगल ने गर्दन झुका दी। बस जी, जुगल का गाड़ी सीखना शुरू हो गया। तीन–चार बार उसने गाड़ियां ठोंकी–पीटीं। फिर ड्राइविंग स्कूल में डाल दिया। बस जुगल जी अच्छे–खासे ड्राइवर हो गए। इन्हीं दिनों मैं एकाध बार डॉक्टर के क्लिनिक गई। जाहिर है, मेरी सबसे दोस्ती थी। एक दिन डॉक्टरनी मुझसे कहने लगी, 'आप हमारी अच्छी मित्र हैं। फिर आपने जुगल को डांटकर वापस क्लिनिक क्यों नहीं भेजा? मैंने सुना है, वह आपके घर पर गाड़ी चला रहा है।'

मैंने कहा, 'ऐसा है डॉक्टर, मैं सबको तो रख नहीं सकती। एक ही लड़के का भविष्य बना सकूं, तो मुझे खुशी होगी। यहां ये बच्चे नौकरी करने आते हैं। थप्पड़ खाने नहीं।' डॉक्टरनी बोली, 'मैं तो वहीं थी...वह तो डॉक्टर साहेब ने उसे हलके से थप्पड़ मारा था। अपने बच्चों को भी तो मारते हैं।'

मैंने कहा, 'डॉक्टर, अपने बच्चों को कोई इतने लोगों के सामने नहीं मारता। अपने बच्चे के खाने–पीने का खयाल भी मां–बाप रखते हैं। अगर मेरी उतनी औकात होती, तो मैं तुम्हारे यहां काम करने वाले सभी लड़कों को घर ले जाती। वह लड़का चनैनी का है। मैं जम्मू की हूं। मेरी मातृभाषा में जब कोई रोता है, मैं सहन नहीं कर सकती।' इस तरह मैं क्लिनिक को फटकार कर आ गई। और उसके बाद फिर कभी वहां नहीं गई। ❑

नादिम दिवस

दिनांक 7 अप्रैल 2008 सोमवार को युगकवि दीनानाथ नादिम स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम सायं 5 बजे साहित्य अकादमी सभागार, निकट मंडी हाऊस, नई दिल्ली में आयोजित होगा। सभी साहित्यानुरागी सादर आमंत्रित हैं।

निवेदक : ओमकार काचरू, चमनलाल सप्रू, श्याम कौल

मिट्टी की महक

■ बद्रीनाथ भट्ट

कश्मीर की घाटी में घिरनबल की वनस्थली के दामन में उसका गाँव था। वहाँ से चन्द मील की दूरी पर अहरबल का विश्वविख्यात गरजता पहाड़ी जल–प्रपात था। विशव नदी यहाँ इतने जोरों से पहाड़ों को चीरकर गिरती थी कि मीलों तक उसकी गरज सुनाई देती थी। बचपन से देखा था उसने इस झरने को; प्रातः सायं देखा था उसको; इन्द्रधनुष के रंगों में देखा था इस झरने को; पर आज वह कितनी दूर से गरजता सुनाई दे रहा था; और महेश जैसे उसके किनारे बैठा उसके उफनते, शीतलता से भरे जलकलशों का आभास पा रहा था।

वहाँ (कश्मीर में) उसका गाँव, अविल, घने वनों में खोया–सा था; जबकि वनस्थली के दूसरे गाँव दूर से साफ दिखाई दे रहे थे; दूसरें गाँवों का वनाँचल पहाडियों की चोटियों की ओर सिमट गया था; जबकि उसके गाँव की वनस्थली अपना पूरा आँचल पसारे बैठी थी।

सन् 1990 के कश्मीरी पंडितों के महाकूच से पहले उसके गाँव में दोनों बिरादरियों के लोग लगभग बराबर संख्या में रहते थे और सभी ज्यादातर बाग–बगीचों का काम करते थे; क्योंकि वहाँ का अंबरी सेब विश्व में विख्यात था।

यहाँ जम्मू की मुठ्ठी नाम की इस धधकती–सी बस्ती में यह पतझड़ का मौसम था; पर पत्ते कहीं भी झड़ते दिखाई नहीं दे रहे थे। चारों ओर झाड़ और झाड़ियाँ थीं जिनको साफ करके कश्मीर से आये विस्थापितों ने एक बड़ी बस्ती बसाई थी। ढलानों को समतल बनाकर इक–मंजिला मकान बनाये थे; महेश ने भी यहाँ एक इक–मंजिला छोटा मकान बनाया था।

यहाँ की धरती पथरीली, मकान कंक्रीट, दीवारें पक्की, आँगनों की पगडंडियाँ पक्की, और पक्की पगडंडियों के बीच फूलों की क्यारियाँ जैसे सिमटी–सिमटी–सी थीं।

इस बस्ती के सभी लोग कश्मीरी थे; पर सभी एक–दूसरे को नहीं जानते थे। कोई कश्मीर की वादी के एक इलाके से आया था और दूसरा दूसरे इलाके से। आपस में इनका ज्यादा मेल–जोल भी न था; जैसे मिजाज का, सोच का और आचार–विचार का अनमेल–सा था। कोई संयुक्त सामाजिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान या रीतियाँ इनमें अभी पनप ही नहीं पाई थी; जबकि महेश के गाँव, अविल, में सब कुछ इससे भिन्न था।

अविल का गाँव जनसंख्या में तो छोटा था; पर दूर–दूर तक फैला था। कई घर पास–पास भी थे; पर वहाँ आँगनों की सीमायें मुट्ठी की बस्ती की तरह बंधी नहीं थीं– एक–दूसरे के आँगन में से ही आना जाना था। वहाँ कोई कंक्रीट चीज भी न थी– रास्ते कच्चे, बगीचों की छोटी–छोटी दीवारें कच्ची; मकान जो पक्की ईंटों के थे, पर छत शिंगलदार। गोशाले मिट्टीदार छत्तों वाले थे और बसन्त के आते ही सारी धरती पर और मिट्टी की छत्तों पर वन–फूलों की एक बहार छा जाती

थी जिसकी सीमाएँ न रहती थीं।

वहाँ के लोग एक–दूसरे को कितना जानते थे और कितना मानते थे। महेश भट्ट तो टीचर था; पर कुलगाँव से लेकर अहरबल तक सभी उसको जानते थे और वह भी उसको जानता था। आखिर तो उसके पूर्वज हज़ारों बरसों से वहीं बसते आये थे। एक इतिहास था उसका, उसके पूर्वजों का और उसके सभी पड़ोसियों का; पर मुठ्ठी की इस नई बस्ती में ऐसी कोई बात न थी। यहाँ तो वह अपने कक्रीट कमरे में ही सिमट कर रह गया था।... वह इन्हीं विचारों में डूबा था। कि कमरे का किवाड खुल गया और उनका बेटा और बहू कमरें के भीतर आ गये। पास आकर वे दूसरी खाट पर बैठ गये। दोनों को पास पाकर वह कह उठा:

''बेटा, जबसे मैं स्वास्थ्य–लाभ कर रहा हूँ, घर की याद बहुत सताने लगी है। पिछले दिनों जब कादिरवानी यहाँ आया, तो अविल की सारी सौगात लाकर जैसे वहाँ के सभी लोगों का न्यौता भी देने आया।''

चंद रोज़ पहले कादिरवानी महेश भट्ट की लंबी बीमारी के बारे में सुनकर उसका हाल–चाल पूछने अविल से आया था। पिछले सात बरसों के बिछुड़ने के बाद यह इन पुराने पड़ोसियों की पहली मुलाकात थी। वह ढेर–सारी चीज़ें अपने साथ ले आया था। उसको देखकर महेश को ऐसा लगा था जैसे सारा अविल गाँव उमड़कर आया था–उसका हाल पूछने। दोनों इतने दिनों की जुदाई के बाद मिलकर फूट–फ़ूटकर रो पड़े थे। महेश ने अपने गाँव, वहाँ के लोगों की कितनी बातें पूछी थीं और सात दिन तक, जब तक वह मुठ्ठी में ठहरा, वह कितनी बातें पूछता रहा। वहाँ से भागे लोगों के सेबों के बाग उजड़ गये थे; पर फिर भी महेश भट्ट की खुशियों का ठिकाना न रहा था जब उसे मालूम हुआ था कि सभी शिंगलधारी मकान सुरक्षित थे, केवल फूस वाले ढह गये थे। तभी से महेश के मन में घर जाने की आशा उग्र हो उठी थी; और महेश कहता गया;

''बेटा, सात बरस बीत गये, घर जाने का समय आ गया है।''

''पिताजी, कादिरवानी जैसे लोग वहाँ बहुत कम रह गये हैं। पिछले सात बरसों में कश्मीर काफी बदल चुका है। क्या आप इतनी जल्दी भूल गये कि हाँजी दूरा में दिन–दहाड़े हमारे ही दो दुकानदारों की दुकानों में ही हत्या की गई, तो उसी आतंक के मारे हम सब कुछ छोड़–छाड़कर वहाँ से भाग पड़े।''

''बेटा, सभी बातें मुझे ठीक तरह याद हैं; पर कादिरवानी कहता था कि अब बहुत–कुछ बदल गया है। आतंक की घटाएँ घट गई हैं। उस समय जो कुछ हमने किया, वह समय की मजबूरी थी; पर यहाँ आकर हमें यह भी मालूम हुआ कि अपनी भूमि का सुख और कहीं नहीं मिलता है। बेटा, हमारा जो विकास हुआ है, न कि इस सूखी, पत्थरीली मिट्टी में। महकते शीतल चीड़ों का वनाँचल हमारे घिरन बल की ढलानों पर ही फैला है; मुठ्ठी की इन पत्थरीली ढलानों पर झाड़ और झंखाड़ ही उग आते हैं।''

महेश भट्ट की बहू सब कुछ चुपचाप सुनती जा रही थी; पर अब उससे रहा न गया; पर नम्र स्वर में कह गई; ''पिताजी, आप ठीक़ कहते हैं कि हम समय की मजबूरियों के कारण कश्मीर से भाग आए; पर यह भी एक मजबूरी है कि हमारे बच्चे भी और बच्चों की तरह पढें और अपना जीवन उज्ज्वल बना लें। पिछले सात बरसों में हमने देखा कि हमारे बच्चे भी श्रीनगर के बच्चों की तरह इंजीनियरिंग और डाक्टरी के लिए बाहर जा रहे हैं। अविल में रहकर ये हमारी तरह जंगली जैसे रह जाते।''

''बेटी, तेरी बात कुछ–कुछ ठीक है। यहाँ आकर हमने भी जीवन की नई राहें देख ली; पर,, बेटी, तू यह नहीं समझती कि इंजीनियरिंग को पाना ही अपने को पाना नहीं है। अपनी भूमि, उसमें पनपी अपनी संस्कृति की और इतिहास खोकर हम अपने अस्तित्व को ही खो रहे हैं। हमारी संस्कृति की अपनी महक है– अपनी मिट्टी की; दूसरी मिट्टी में रोपकर उसमें वह महक उभर नहीं सकती है।....बेटी, तू तो रोज़–रोज़ कहती है कि अविल की सब्जियों का एक विशेष स्वाद था, यहाँ के फलों की एक अलग मिठास थी। इस विषय में मैं जब कालेज में पढ़ता था तो मेरे बहुत–से साथी थे जो अब अमेरिका में बस गये हैं। कभी–कभी वे चिठ्ठियां लिखते हैं। उन्हें वहाँ सब कुछ मिला है– नौकरियाँ, कारें, बंगले–ऐश्वर्य ही ऐश्वर्य; पर वे अपनी शीतल संस्कृति से अपने को वंचित पा रहे हैं। उनकी एक ही साध है कि अपनी संस्कृति की शीतल महक को फिर से पाते और अपनी भूमि की महकती मिट्टी में खो जाते।.....जब तक मै अपने

(शेष पृष्ठ72 पर)

नींव! तुझे नमन का लोकार्पण

भरत की रचनाओं में जड़ों से जुड़ने का संकल्प : प्रो गुप्ता

ये सपनों को ज़िन्दा रखने की कविताएं हैं : रमेश मेहता

बाएं से दाएं–सर्वश्री हरीश वर्मा, रमेश मेहता, चमनलाल गुप्ता, रतनलाल शांत, भूषण लाल कौल, कवि की धर्मपत्नी शशि

बहुचर्चित कविता संग्रह 'फिरन में छिपाए तिरंगा' के बाद युवा कवि डा. महाराजकृष्ण भरत का दूसरा काव्य संग्रह 'नींव! तुझे नमन' हाल ही में प्रकाशित हुआ। गत मास निर्वासन साहित्य प्रकाशन के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य समारोह में पूर्व सांसद एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. चमन लाल गुप्ता ने इस संग्रह का लोकार्पण किया। समारोह की अध्यक्षता जम्मू कश्मीर कल्चरल अकादमी के पूर्व सचिव श्री रमेश मेहता ने की। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रतन लाल शांत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि प्रसिद्ध समालोचक प्रो. भूषण लाल कौल ने काव्य संग्रह पर गवेषणात्मक आलेख पढ़ा। निर्वासन साहित्य प्रकाशन के निदेशक श्री विक्रम उपाध्याय की ओर से श्री हरीश वर्मा ने स्वागत भाषण पढ़ा।

कवि भरत की दर्द भरी भावनाओं तथा जन्मभूमि वापस लौटने की ललक का उल्लेख करते हुए मुख्यतिथि प्रो. चमन लाल गुप्ता ने कहा कि 'फिरन में छिपाए तिरंगा' तथा 'नींव! तुझे नमन'– इन दोनों संग्रहों के माध यम से कवि महाराज कृष्ण भरत ने अपने समाज की वेदना को जन–जन तक पहुँचाने का कार्य किया है। सौभाग्य से इनकी पहली पुस्तक की भूमिका राष्ट्रनेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लिखी है। प्रो. गुप्ता ने कहा कि भरत जी की कविताओं में घर लौटने की तड़प है, संग्रह के शीर्षक 'नींव! तुझे नमन' के अंदर ही यह तड़प दृष्टि गोचर होती है। इस शीर्षक से संबंधित कविता की अंतिम पंक्तियों मे कवि यह बयान करता है कि हम कभी न कभी इस घर के अंदर जाएंगे जिसकी नींव आज विद्यमान है और इसी नींव पर इसे फिर खड़ा करेंगे। उन्होंने कवि की सरहाना करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में वापस अपनी जड़ों से जुड़ने का जो संकल्प है, उसे हर कश्मीरी पडित को और तीव्रता के साथ आत्मसात करना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. चमन लाल गुप्ता ने इसरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें एक हार को जीत में परिवर्तित करना है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पण्डितों के बिना कश्मीर अधूरा है और कश्मीर से भारत का मुकुट बनाए रखने के लिए देश के सभी राष्ट्रवादियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि कश्मीरी पण्डित फिर से देश के इस भाग में पूरी सुरक्षा तथा सम्मान के साथ आबाद हो सकें। उन्होंने कहा कि जिस गलत सोच रखने वालों ने भारत का विभाजन किया और आज ऐसे ही तत्वों ने पहले कश्मीर के मूल निवासियों को घर से बेघर कर दिया और फिर जम्मू संभाग तक भी अपना आंतक फैलाया। प्रो. गुप्ता ने कहा

कि डोडा में इस खतरनाक सोच का मुँह तोड़ जवाब देने के लिए हमने ग्राम सुरक्षा समितियाँ बनाई। ऐसे ही तरीके अपनाकर हमें कश्मीर में भी एक शक्ति खड़ी करनी होगी ताकि कश्मीर घाटी के सभी लोग मिल–जुलकर रह सकें। प्रो. गुप्ता ने अंत में कवि भरत के साथ अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे बहुत समय से भरत जी के साथ संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं लोक सभा का सदस्य था तो जो कुछ मेरी कार्य वाही थी, वह इन्होंने पुस्तकाकार रूप में लोगों तक पहुँचने का प्रयास किया तभी मेरी चार पुस्तकें भी इन्होंने संकलित एवं सम्पादित की।

अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में ख्यातनाम साहित्यकार श्री रमेश मेहता ने कवि और कृति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कवि ने अपनी अभिव्यक्ति के लिए जिस कर गुजरने का हौसला ज़िंदा है।

समारोह अध्यक्ष ने कहा कि भरत कविताएँ स्वप्नों को ज़िन्दा रखने की कविताएं है। इनकी कविताएं इस उम्मीद को ज़िन्दा रखे हुए हैं कि एक न एक दिन लौटेंगे हम अपने गाँव, अपनी नींव के पास। संग्रह की कविता 'आज़ादी का पचासवां पर्व' का उल्लेख करते हुए श्री मेहता ने कहा कि एक इतिहास है जो पुस्तकों में लिखा जा रहा है, सुनी–सुनाई बातों पर रचा जाता है, पर इन कविताओं का इतिहास भोगा हुआ इतिहास है, जिया हुआ यथार्थ है। उन्होंने कहा कि कविता में जो देश भक्ति की दशा का वर्णन है, दर्द है, यही स्थिति कविता को इतिहास बना देती है।

कवि भरत के दृढ विश्वास को रेखांकित करते हुए विशिष्ट अतिथि प्रो. रतन लाल शांत ने कहा कि संग्रह

ये इतिहास को मुखर करने की कविताएँ हैं : डा. शांत

भाषा का चयन किया है वह भाषा अपने आप में एक चुनौती बनकर सामने खड़ी है। हिन्दी भाषा में लिखकर महाराजकृष्ण भरत ने हमारे दिग्गज आलोचक नामवार सिहं जैसे लोगों को इस बात का जवाब दिया है कि अर्जित भाषा में बहुत अच्छी कविता की जा सकती है। श्री मेहता ने संग्रह के नामकरण 'नींव! तुझे नमन' की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि इस युग में भी भरत नींव का ध्यान रखे हुए हैं। इस शीर्षक से संबंधित कविता पढ़ने के बाद और भी अच्छा लगा। 'नींव' यहां केवल घर की नींव नही है, उससे भी यह प्रतीक थोड़ा–आगे जाता है।

श्री मेहता ने कहा कि जब हम कश्मीरी पण्डित बोलते है तो कश्मीर से पण्डित को कैसे अलग कर सकते हैं। तब एक भरा पूरा समाज हमारे समाने खडा होता है और आज उसी समाज को उसके घर से विस्थापित किया गया है। यह पीड़ा तब तक खत्म होने वाली नहीं है जब तक निर्वासन खत्म नहीं हो जाता। निर्वासन को खत्म करने के लिए आदमी को अपना स्वप्न ज़िन्दा रखना है। अगर स्वप्न ज़िन्दा है तो लौटने की कल्पना ज़िंदा है, लौटने की इच्छा शक्ति जिन्दा है और जब तक आप का स्वप्न कायम है, ज़िन्दगी में कुछ

का शीर्षक इस तथ्य को और पुष्ट करता है कि कवि की जड़े कश्मीरी में कोई नही उखाड़ पाएगा। उन्होंने कवि की विशेषताओं को उद्‌घाटित करते हुए कहा कि भरत की कविताएँ हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा में स्थान पा चुकी है। उनकी कविता में पीड़ा और संवेदना का सुमेल है। वे एक बहुत ईमानदार प्रयास करते हैं। कवि भरत घटना को अनुभूति के स्तर तक उठाने का प्रयास करते है।

प्रो. शांत ने प्रश्न करते हुए कहा कि क्या भरत की कविताओं को विद्रोह की कविताएँ कहें? साथ ही उत्तर भी दिया कि 'नही'। उन्होंने कहा कि यह विद्रोह की कविताएं नहीं है। यह केवल इतिहास को सुदृद्ध करने की कविता है। इतिहास को और मुखर बनाने की कविता है। उसे बाहरी सबूत की ज़रूरत नहीं है।

प्रो. भूषण लाल कौल ने रचनाकार भरत के कविता संग्रह 'नींव! तुझे नमन' पर आलेख पढते हुए कहा कि उनकी कविताओं में न सिर्फ विस्थापन की टीस है बल्कि आतंकवाद से लड़ने का दमखम भी। संग्रह के मूल कथ्य को प्रतिपादित करते हुए प्रो. कौल ने कहा कि भरत की रचनाओं में सदियों का मूक इतिहास मुखर हो उठा है। उत्कृष्ट अभिव्यक्ति, गहनानुमूति, उत्कृष्ट भाषा

व्यवहार, दुर्घटनाग्रस्त जन समुदाय की पीडा, व्यवस्था के प्रति आदेश, रिश्वती व्यवहार चक्र, सियासी बौनापन एवं अन्य कई चिंतनधाराएँ इन रचनाओं को महत्वपूर्ण बना देती है।

प्रसिद्ध 'दर्दपुर' उपन्यास की लेखिका एवं कवयित्री डा. क्षमा कौल ने कवि भरत के जीवन वृत्त एवं रचना संसार पर नजर डालने से पूर्व कहा, कि भरत का जो संघर्ष दिल्ली में रहा है, उसकी साझेदारी कहीं न कहीं मेरे साथ रही; वह संघर्ष कितना अद्भूत था, कितना तीव्र था कितना शिद्दत भरा था उस पर एक स्वतंत्र उपन्यास लिखा जा सकता है। भरत जी जब भी कोई कविता लिखते, मेरे पास आते, मुझे सुनाते थे, कभी कभी तो कविता को सुनने के लिए विवश कर देते थे। उन्होंने कहा कि इन के भीतर के कवि की मैं बहुत अच्छी साक्षी

लोकार्पण समारोह में कवि भरत ने संग्रह की कुछ कविताओं का मार्मिक पाठ किया, जिसे सुनकर सभा स्थल पर उपस्थित सभी श्रोता भाव–विभोर हो उठे। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद डा. के.एल. चौधरी की त्वरित प्रतिक्रिया थी कि आपने तो रूला दिया। इस अवसर पर कवि ने अपने परिवार तथा मित्रों का परिचय कराया। उस समय समारोह में रोमांच भर उठा जब आर्मी स्कूल मीरांसाहब की प्राचार्य श्रीमती लविंदर कौर ने कवि भरत को उनकी काव्य प्रतिभा के लिए शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। उस समय आर्मी स्कूल के सभी शिक्षकगण मंच पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती कौर ने कवि भरत के उल्लेखनीय योगदान के बारे में कहा कि कवि भरत ने हमारे स्कूल के लिए थीम गीत लिखने में सहयोग

कवि भरत ने लिखा सेना कल्याण शिक्षा संस्था के लिए थीम गीत

रही हूँ।

समारोह से पूर्व गणमान्य अतिथियों ने प्राचीन मार्तण्ड तीर्थ के चित्र तथा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। प्रसिद्ध गायक शांति लाल सिद्ध ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कश्मीरी भाषा के जाने माने कवि श्री जगन्नाथ सागर, प्रेमनाथ शाद, सम्प्रति के अध्यक्ष डा. आर.एल.भट्ट, समाज सेवी हीरालाल भट्ट, कवि के मामाश्री भास्करनाथ भवानी, भाई बालकृष्ण ने मंच पर आसीन अतिथियों तथा कवि को बुके प्रदान कर स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व मंच पर आसीन सभी अतिथियों को निर्वासन साहित्य प्रकाशन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। स्मृति चिन्ह कवि की मां श्रीमती रूपावती ने प्रदान किए। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी, कवि/लेखक/कलाकार तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इनमें उल्लेखनीय है प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. कुंदन लाल चौधरी, प्रसिद्ध नाटककार मोतीलाल क्यमू, कवि एवं लेखक, जवाहर लाल सरूर, डा. प्राणनाथ तृछल, श्री के.के. रैणा, श्री प्रदीप कौल खोडबली, आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि की बहन डा. भारती कौशल भट्ट ने प्रदान किया। मंच का संचालन श्री वीरेन्द्र रैणा ने किया।

दिया। इनकी धर्मपत्नी शशि हमारे स्कूल में अध्यापिका हैं। भरत जी ने ऐसे सुन्दर गीत की रचना की जो आर्मी वेल्फेयर एज्यूकेशन सोसाइटी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर थीम गीत के रूप में चुना गया। श्रीमती कौर ने कहा कि भरत की कविताओं में क्रांतिकारी विचार देखने को मिलते है। गीत के बोल हैं :–

आओ हम सब गीत गाएं, 'एवसं' संस्था है महान
शिक्षा के इस क्षेत्र में, करें सभी इसका गुणगान।
'एवसं' संस्था है महान, सेना संस्था है महान।।

समारोह के समापन के बाद सभी उपस्थित गण–मान्य व्यक्तियों ने कवि भरत को बधाई दी। और कहा कि गत 18 वर्षों में ऐसा पुस्तक लोकार्पण समारोह विरला ही हुआ होगा।

एक अन्य समारोह में 22 दिसम्बर 2007 को कवि महाराजकृष्ण भरत को अपने गांव वासियों ने जम्मू शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन कवि के सहपाठी रहे श्री एम के योगी ने किया था। जम्मू कश्मीर सरकार के भूतपूर्व सचिव तथा मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहाकार विजय बकाया ने कवि भरत को समारोह में सम्मानित किया।

प्रस्तुति : राकेश तुली, अनिल चौधरी

आंतरिक सुरक्षा मजबूत करना जरूरी

(पृष्ठ 54 का शेष)

पहले ही नाकाम कर देने के बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। अब तो विदेशी जासूस व आतंकवादी एनजीओ और सामाजिक संगठनों का रूप धरकर अपनी गतिविधियां चलाने लगे हैं। इसके लिए स्थानीय इंटेलीजेंस इकाइयों को मजबूत बनाने की जरूरत हैं। मौजूदा समय में एलआईयू के ज्यादातर अधिकारी फालतू के कामों में लगे रहते हैं। इन कामों से उन्हें छुटकारा देकर उनके वक्त व संसाधनों का इस्तेमाल संदेहास्पद गतिविधियों व व्यक्तियों की छानबीन में किया जाना चाहिए।

इसी तरह बीट पर जाने वाले पुलिस वालों को क्लोज सर्किट कैमरे जैसे उपकरण दिए जाने चाहिए, ताकि वे अपने इलाके की गतिविधियों को बेहतर तरीके से जांच सकें। स्थानीय स्तर पर छोटी–छोटी जांच व परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने की भी आवश्यकता है, ताकि आतंकी घटनाओं व इनमें इस्तेमाल हथियारों की स्थानीय स्तर पर ही जांच सुनिश्चित की जा सके। आतंकवादियों व उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के शोध के लिए एक अलग विंग बनाना भी कारगर कदम हो सकता है। पंजाब में आतंकवाद के दिनों में ऐसा ही विंग बनाया गया था। उस समय वह प्रयोग कामयाब रहा था और उसके बेहतर नतीजे सामने आए थे। इस प्रयोग को दूसरे राज्यों में दोहराया जा सकता है।

–प्रस्तुति : अरविंद कुमार

एक कॉफी–हाऊस की जलावतनी

(पृष्ठ 64 का शेष)

कभी उसकी विरासत में नहीं रही। यदि परिस्थितियों के दबाव में विस्थापित कश्मीरी हिंदु ने कोई उत्तेजक वक्तव्य दिया या जम्मू–दिल्ली में कोई नारजगी भरा प्रदर्शन किया तो ठीक ऐसी ही परिस्थितियों के दबाव में उसके समवर्ती मुसलमान साथियों को भी कश्मीरी आतंकवादियों को घर में शरण देनी पड़ी, या आज़ादी के लिए निकाले जुलूस में शामिल होना पड़ा, या उनकी हड़तालों का साथ देना पड़ा।

आचरण के ये दोनों पैटर्न सामान्य नहीं हैं। ऐसी त्रासद और जानलेवा स्थितियों में सहज बने रहना संभव भी नहीं होता। क्योंकि ऐसे में अन्य सभी बातों और मूल प्रवृत्तियों पर जिजीविषा हावी हो जाती है। वर्तमान परिस्थितियों में एक कश्मीरी हिन्दु अपने साथी कश्मीरी मुसलमान के बारे में जैसी भी धारणा बनाए हुए है, वह उसकी नैसर्गिक भावना नहीं है। ठीक यही बात कश्मीरी मुसलमान पर भी लागू होती है।

जब कभी स्थिति सामान्य होगी, और अगर होगी, और दोनों जब पहले की तरह साथ–साथ रहने–बसने लायक होगें, तो दोनों को कितना अचम्भा और शर्मिन्दगी होगी कि रूह कँपा देने वाले आतंकवाद के दौरान उन्होंने एक दूसरे के बारे में कैसी कैसी धारणाएँ गढ़ ली थी।

परंतु क्या कभी ऐसा समय आयेगा?

(अंग्रेजी से अनुवाद : अग्नि शेखर)

मिट्टी की महक

(पृष्ठ 67 का शेष)

घर में था, मैं अपने को कितना भाग्यवान मानता था; पर दुर्भाग्य ने मुझे भी अपनी भूमि से दूर पटक दिया''– कहते–कहते उसकी आँखें भर आई।

कुछ क्षण रूककर वह फिर भावुक स्वर में कह उठाः ''मैं मानता हूँ कि अविल जंगल था; वहाँ का जीवन कठिन था; पर, बेटी, जीवन की कठिनाइयाँ ही जीवन में रस भर देती हैं। आये दिन मुझे बचपन के दिन याद आते हैं और आंनद से विभोर हो उठता हूँ कि कैसे हम आँधी और वर्षा से भीगे अविल के वनों में गायें चराने जाते थे। बाग–बगीचों में कीचड़ से लथ–पथ कितना परिश्रम करते थे। अब पिछले सात बरसों से बिना परिश्रम के हम खाते–पीते हैं। सरकार हमें विस्थापित मानकर सब कुछ देती है; पर मैं यह जीना जीना नहीं मानता हूँ; जीवन का सार केवल अपना परिश्रम है। अपनी भूमि हमें यही परिश्रम सिखाती थी, कठिनाइयों से झूझना सिखाती थीं अपने परिश्रम से हम में कितना आत्मविश्वास था। यही सब कुछ खोया सा पाने को। मुझे जैसे अपनी भूमि बुला रही है....'' कहते–कहते महेश भट्ट जैसे किसी अथाह संसार में खो गया। उसका चेहरा जैसे चमक रहा था और बेटा और बहू उसको तकते रहे।

मुरन, पुलवामा, कश्मीर

HUMILITY
SELF CONTROL
DEVOTION
POOJA
JAPA
SACRIFICE
CALM
CONTENT-MENT
CHARITY
HONESTY
RESTRAINT
FORGIVE-NESS
MEDTATION
NOBLE
DISPASSION
HELP-FULL
SELFLESSNESS
CONSISTANCY
DISCIPLINE
PATIENCE
MEMORY
CONCENTRATION
COMPASSION
CARING
KNOWLEDGE
KIND
CO-OPERATIVE
SILENCE
EQUANIMITY
PURITY
LOVE
FAITH
HOSTILE
DENYING OWN-FAULTS
FALSE PRESTIGE
POSING SELF INDISPENSABLE
SELF PRAISE
SELF-ASSERTIVE
NON-LISTENER
SELF-WILLED
SELF-SATISFIED
UNDO OTERS DOING
SELF-JUSTIFICAION
SELF-COMPLACENT
REVEGEFULL
RASH
FAULT FINDING
UNAWARE
REINFORCING EGO
PREJUDICIAL
SECRITIVE
DESPISE
BIAS
FALSE EGO
IMPULSIVE
GOSSIPS
FORGETFUL-NESS
CHEERLESS
WHIMSICAL
EVIL DESIRE
ILLUSION
SADISTIC
DISCONTENT
MOROSE
Back bitting
HARSH
FANATIC
INDOLENT
VULGARITY
AGITATED
JEALOUSY
LAMENTATION
FALSEHOOD
NARROW VISION
PRIDE
ATTACHMENT
GREED
ANGER
HYPOCRACY
LUST
THEFT
INERTIA
HATRED
CONCEIT
EGO
A WONDER TREE OF CHOICE
CONCEPT & DESIGN:
J.N. KAUL
20 SAMRAT APTT.
VASUNDHRA ENCLAVE.
DELHI-110096

कॉशुर समाचार

कश्मीरी समिति, दिलि हुंद रेतुवार मैगज़ीन
(कॉशुर बोग)

मुद्रक-प्रकाशक : एन.एन. ज़िजू, संपादक : शम्भुनाथ भट्ट 'हलीम', सह संपादक : एम.के.भट्ट

वर्ष 56 अंक 12 (फागुन : 5083 सप्तर्षि संवत्) मार्च 2008

यथ अंकस मंज़

तृष्णा छे नु ज़ांह पानय हमान

खलालापाः सोढा कथमपि तदाराधन परै-
निगृह्यान्तर्वाष्पं हसितमपि शून्येन मनसा।
कृतो वित्तस्तम्भ प्रतिहत धियामांजलिरपि
त्वमाशे मोघाशे किमपरमतो नर्तयसि माम।।
(भर्तृहरि. वैरा.श. श्लोक-6)

अर्थ

बदमाशन हुंज़ खदमत करान छि ॲस्य हमेशि तिहुंद बदरद वनुन च़ालान रोज़ान, च़ालव नय तु तिम गछ़न व्यहरु। तिमन वुछिथ छि न ॲस्य ओश ति त्रॉविथ ह्यकान, बल्कि छि बेमनय मजबूर गछ़िथ असान ति। द्यारव खॉतरु छि ॲस्य अहमकन गुल्य ति गंडान। तृष्णा, कूत नच़ुनावख मे? व्वन्य तुल तु थफ।

ललवाखाम्रेथ

नफसुय म्योन छुय होस्तुय
ॲम्य हॅस्त्य मॉगनम गरि गरि बल।
लछि मंज़ सासु मंज़ अखा लोस्तुय-
न तु हेतिनम सॉरी तल।।
(ललद्यद 61)

संपादकीय

हेरथ

येमि रेत् मनोव असि श्रद्धायि त् आषायि सान बटन हुन्द सारिव्य खोत् बोड दोह हेरथ । असि क'र प्रार्थना ज़ि ॲस गॅछ़ नव्न त् फोल्न । सती कोंछ ज़ि सॉरी दुनियाहिक लूख गछ़न खो'ष त् खोषहाल रोज़न। साने'न शास्त्रन मन्ज़ छु वननु आमुत ज़ि सोरूय दुनिया छु सोन कुटम्ब।

हेर्'च दोह छि ॲस षवजी त् पार्वती ह्न्दि खान्द्रक वोहरवोद मनावान। यिमन दोन हुन्द मिल्चार छु सानि खॅातर्'ह वत् हावुख । षिव छु ज़ग्तुक स्वामी। पार्वती छे' स्व षक्ति ये'मिकि ज़्'रियि स्वामी सुन्द हुकम छु दरिदस अनन् यिवान। षिव छु आयोजक(planner)। भवानी छे' लोगु करन वाजे'न्य क्रिया (implementing agency)। षिव छु सोन्चन वोल। पार्वती छे' कार नख् वालन वाजेन्य (executioner)। यो'त ताम अमि क़सम्'च् कामि बाकॉद् तरीकस मन्ज़ पक्'व्न्य् रोज़न इन्सान छु इहलूकी त् परलूकी तरक्की ह्न्जि वति पे'ठ। अगर अथ कॉयदस हेर–फेर गछ़ि. फरद् सुन्द दुनियायी तु परलूकी फॉफलुन छु गछ़ान बन्द ।

यिथु पॉठ दुनियाहस छु षिव त् षक्ति ह्न्दि मिल्'चार् स्'त वोदभव मेलान तिथय किन्य छे फरदस अन्दर ति अख ज़ोरदार षक्ति आसान येमिकि डरिव स्'त्य इन्सान छु हेकान तिम् प्रापतीय् हॉसिल कॅरिथ यिमन हुन्द न् तॅमिस स्वप्नस मन्ज़ ति छु खयाल आसान आमुत।

इन्सानस छे केन्ह प्रवृतीयु यिम् हैवानन मन्ज़ ति छे' आसान। यिथ् क्'न्य ख्यो'न–चो'न त् शोंगुन–वोथुन छु। यिम् नहजि छे नन्यि आसान। अमि अलाव् छे इन्सानस मन्ज़ केन्ह प्रवृतीयि आसान यिमव स्'त सु इन्सान बनान छु या कुनि–कुनि दीवता बनान छ–यथकेन्य समाजिच सीवा या बेमारस ख्'दमत करिन्य छे'। यिछ् प्रवृतीयि छे' न् ज़्याद् नन्यि आसान । यिम् छे पे'वान फॉफलाव्न्यि। यिमु प्रवृतीयि् इन्सानस मन्ज़ नैतिक (moral), मानसिक(mental)त् आध्यात्मिक(spiritual) ताकतस पोछर दिवान छे् तिमन मन्जं छे' सारिवय् खोत शक्तिषाली सो यथ यूगस मन्ज़ कुण्ड्लिनी वनान छि। षिवजीयुन अख नाव छु योग राज। ॲमसिय योग राज् स्'न्ज़ि कृपायि स्'त्य छु साधक कुण्ड्लिनी शक्ति हुन्द फाइदा हेकान तुलिथ।

कुण्ड्लिनी छे' मुलद्वारस(bottom of spinal cord) मन्ज़ गुनसि ह्न्ज़ि शाक्लि शोनिगिथ आसान। आम लूकन ह्न्ज़ यि गुनस छे' मरन् विजि लाशि स्'तिय शमशान भूमीयि वातान। करोरन मन्ज़् छु अख खोशक्'स्मता आसान युस ॲमिस गुन्सि वुज़नावनस मन्ज़ कामयाब गछ़ान छु। येलि यि गुनस हुश्यार गछ़ान छे यि छे मेरू दण्डस स्'त स्'त देमागस ताम वातान। अमि क्रियायि स्'त छु साधकस सु सत्, चित त् आनन्द हासिल सपदान येमिकि हॅ'तिमि हिसुक अनुभव छ्'नु ते'म सॉरसी वुमरि को'र्मुत आसान। यिथुक्'न्य प्रोटॉन, न्यूट्रॉन त् इले'क्ट्रान् च् क्रियायि स्'त छे अणु शक्ति हॉसिल गछ़ान तिथै क्'न्य छे व्यक्ति मन्ज़ कुण्ड्लिनी त् दे'माग्कि अथ्वास् स्'त आध्यातमिक शक्ति पॉदि गछ़ान। यि ताकत दयुत दयन ललद्यदि त् कबीरस हिवे'न मनुशन। अमि खॉतर् छे' से'ठा मेहनत पे'वान कर्'न्य। मगर ये'लि कामयॉबी हॉसिल गछ़ि फल छुस त्यूत मोदुर त् फॉइद्'मन्द ज़ि साधक छुनु अमि आलवु बे'यि क्'नि स्'त लॉरिथ यछ़ान रोज़ुन।

शवजीयस छि सोर्'मोत गोसोन्य ति वनान। अथ मन्ज़ छे' सानि बापथ नसीहत। यलि आवरे'णि पे'ठ सॉनिस शरीरस ज़ालान छि तव् पत् छु असि सूरय योत मोचान। सूर् वॅसिथ छुन् दनियाहस अन्दर कॉह चीज़। येलि सुय असि पानस मोथ, यिथिके'न्य गे'सॉन्य मथान छि ॲस छि दुनियहाकि लोह लन्गरु निशि दूर यछ़ान रोज़ुन। ॲस यूता मोह त्रॉविथ हे'कव तीचा छे' असि रूहॉनियत हॉसिल सपदान।

हेर्'च़ दोह् छि ॲस शवजीयस त् माता पार्वती मंगान ज़ि असि दियिव काम, क्रूध, लोभ, मोह त् अहंकारस पेठ नियन्त्रण (control)। असि हाविव जान वथ युथ ॲस पानस खॉर करव त् समाजस सीवा करव।

शिवस्तोत्रावली तुँ अमिक्यन केंछ़न श्लूकन हुंद अर्थ

—श्री पृथ्वीनाथ भट्ट

आचार्य उत्पल देव छि शैवमतुँक्य थदि पायिक्य आचार्य ऑस्यमुँत्य। यिम ऑस्य आचार्य सोमानन्दुँन्य शँश्य। आचार्य उत्पलदेवन छि शैवदर्शनस प्यठ वाराह ग्रन्थ लीख्यमुँत्य, यिमन अन्दर तिहुंज़ शिवस्तोत्रावली स्यठाह प्रसिद्ध ग्रन्थ छु। अथ अन्दर छे उत्पलदेवनि शिवस संबंधित भक्ति हुँज़ पराकाष्ठा। यि सोरुय ग्रन्थ छु तिमव भगवान शिवस सूँत्य म्युल गँछ़ित मस्ती मंज़ ल्यूखमुत। अथ अन्दर छे दया, हीनता, ग्राव-ग्वंद, खुमार, लाचॉरी, दीनता, हँलीमी बेतरि टाकारु लबनुँ यिवान। यि हालत साधकुँ सुँज़ समाधि मंज़ छे स्वय छे व्युत्थानस अन्दर ति लबनुँ यिवान। यि ग्रन्थ छु मुक्तक शैली अन्दर लेखनुँ आमुत यथ अन्दर प्रथ कांह शोलूक पानस अन्दर पूर्ण छु। न छुस ब्रूँठिमिस शलूकस सूँत्य नुँ पँत्यमिसुँय सूँत्य कांह वाठ। यिथ पॉठ्य गज़ल क्यन शारन पानुँवॉन्य कांह वाठ आसान छुनुँ। सॉरी शार छि पानस मंज़ मुकम्मल आसान।

आचार्य उत्पल देवन छुनुँ कुनि ति शारस अन्दर भक्ति रसकि या भावनायि हुँदि हदुँ न्यबर रूज़िथ कांह शार ल्यूखमुत। बेहोशी हुँदिस आलमस मंज़ ऑसिथ ऑस्य तिम हदन अंदर पनुँन्य भाव प्रकट करान।

शिवस्तोत्रावली छि वुह स्तोत्र। आचार्यन छि कीवल त्रुवाह, च़्वदाह तुँ पंदाह याने त्रेन स्तोत्रन हुँद्य नाव लीखिमुँत्य— संग्रहस्तोत्र, जयस्तोत्र तुँ भक्तिस्तोत्र। बाकुँय सदहन स्तोत्रन छि आचार्य विश्वावर्तन नाव दित्यमुँत्य यिम पतुँ क्षेमराजन शिवस्तोत्रावली विवृत्ति मंज़ दित्यमुँत्य छि। त्रुवॉहिम, च़्वदॉहिम तुँ पंदॉहिम स्तोत्र छि बाकुँय हिसुँ ख्वतुँ जादुँ स्वन्दर तुँ पुरअसर।

आचार्य उत्पल देव ऑस्य नँविमि शताब्दी हुँदि ग्वडुँ हिसस मंज़ कॅशीरि रोज़ान। यिहुंद जद ओस ऑठ्यमि सदी मंज़ गुज़रातुँ प्यठुँ कॅशीरि रोज़नि आमुत। कॅशीरि ओस ऑठ्यमि सदी ललितादित्य मुक्तापीड राज करान। सोमानन्द, युस उत्पल दीवुन ग्वर ओस, सु ति ओस दक्षिणी भारतुँ प्यठुँ ललितादित्यन पानस सूँत्य कॅशीरि ओनमुत। उत्पलदीवनिस प्यतहस ओस उदयाकर नाव तुँ माजि ओसुस श्रीमती वागीश्वरी नाव। क्राम ऑसुँख राज़दान (राजानक)। यिम ऑस्य गोतुँपूर व्यच़ारनागुँ रोज़ान। आचार्य उत्पल दीवनिस पोंतरस ओस विभ्रमाकर नाव। आचार्य उत्पलदीवन छु शिवस्तोत्रावली वरॉय, ईश्वरप्रत्यभिज्ञा, प्रत्यभिज्ञावृत्ति, शिवदृष्टिवृत्ति प्रत्यभिज्ञा टीका तुँ सिद्धयित्री लीखिथ शैवमतस स्यठाह बुलंद मुकाम द्युतमुत। यमि सूँत्य शैवदर्शन सॉर्यसुँय संसारस मंज़ ख्यातनाम सपुद।

शैवदर्शनुक पँतिम महान आचार्य ओस कॉह्यमि सँदी हुंद अभिनवगुप्त, यिम प्रथ विज़ि समाधिस्थ ऑस्य आसान, यिहुँद तंत्रालोक बेतरि स्यठाह मशहूर छि।

सोरुय शैवदर्शन छु अद्वैतवाद सिद्धांतस प्यठ लेखनुँ आमुत। शैवदर्शन छु कॅशीरि हुंद बोड बारु द्युत सॉर्यसुँय संसारस यथ प्यठ कॉशरेन फखुँर छु।

व्वन्य करव शिवस्तोत्रावली मंजुँ केंछ़न शलूकन हुंद अर्थ पेश, युथ ज़न परन-वॉलिस अमि ग्रन्थुँच महिमा फिकरि तरि।

6 श्लू. स्तो. (1) ही सॉमी-चॉनि ऑन्थुरोसति आनन्दसागरूक राज़ छि तिमय ज़ानान यिहुंद हृदय चानि प्रेयमुँ रसुँ सूँत्य परिपूरण छु।

24 (1) यि मन छु स्वभावुँ किन्य द्वखन हुंद ब्योल माननुँ यिवान। अमा पोंज़ हॉरॉनी छे यि ज़ि यि मन यलि चॉनि भँक्ती हुँदि रसुँ सूँत्य छलनुँ छु यिवान, अथ छे सारिवुँय ख्वतुँ थँज़ पदवी याने म्वखती मेलान।

3 (II) स्यठुँहुँय मोद्रि अमरेतुँ सूँत्य परिपूरण आसनि किञ कोमल, शाँति दिनुँवोल, संसारुक बेन्यर अकी बसुँम करनुँ म्वखुँ स्यठाह भयंकर, चॉनिस नाकॉबलि बयान कल्याणसौस्त अँगुँनरूपस छु म्योन प्रणाम।

12 (II) मायावी ऑसिथ ति श्वदरूप वालि, गुपिथ ऑसिथ ति प्रकट सपदन वालि, सूख्यम ऑसिथ व्यराट रूप वालि, आश्चर रूप वोल ऑसिथ ति नानाप्रकॉर्य रूप दारवुँनि कल्याणकरन वालि शिवुँ, चे छुय म्योन नमस्कार।

19 (III) भैरवतंत्र दृष्टि किञ दख्यनमार्गुक साररूप, वादितंत्रदृष्टिकिञ वाम मार्गुक यछ़नवोल, श्रीमत बेतरि थद्यन

शास्त्रन हुँज़ि दृष्टि सूँत्य सारिनुँय आचारन पाननावन वोल, बेयि न्यराचार याने ध्यान पूज़ा बेतरि सारिवुँय आचारव व्वलंगिथ—यिथिस भगवान शिवस छु म्योन नमस्कार।

7 (III) ही प्रभू! यिहुंद हृदय चानि भक्ती रसुँ सूँत्य बोरुत आसि नुँ, तिम छि पज़ी ज़न तुँ हृदयविहीन मनुष। यिथ्य मनुँष छि यथ संसारस मंज़ कीवल व्वतलान तुँ बोंडानुँय योत तवय छि तिरस्कारस युग्य।

19 (III) सासुँबँद्यन सिरयन हुँदि तीजुँ ऑसिथ ति स्यठहुँय न्यर्मल प्रकाश स्वस्ति, सारिनुँय लूकन मंज़ व्याप्त ऑसिथ ति छुख नुँ कॉसि बोज़नुँ यिवान।

4 (IV) सारिनुँय कल्याण करनवालि शिवुँ, आपदायन नाशकरन वालि शंकर, शरणागतन हुँदि टाठि, मे' कर वॅल्य वॅल्य दया। चान्यन द्वन चरनुँकमलन हुंद ध्यान करन वॉलिस निश छिनुँ वैभव (विभूति) दूर रोज़ान।

16 (IV) ही नाथुँ! मे' छे' चॉनिस सदा फोल्यमुँतिस म्वखारबिन्दस वुछनुँच सख कल। ही स्वॉमी तिछ़ दया करतुँ युथ चुँ हमेशि मे' टोठख।

23 (V) शिवुँनाव लगातार ज़पनुँ सूँत्य छे' मे' नाकॉबलि बयान दशा बनान तुँ छुस परमार्थ रसुक आनन्द तुलान

11 (VI) ही स्वॉमी-जुदॉई हुँदि अमारुँ किञ छुसथ बुँ प्रथ शायि छांडान। कृपायि किञ दितम दर्शुन। जादुँ ज़ारुँ-पारुँ कॅरिथ छुस नुँ बुँ चे' कष्ट यछ़ान द्युन

12 (VIII) ही परमीश्वरुँ। ब्योंन ब्योंन कष्ट यिनुँ वख्तुँ गछुँ बुँ निडर बनुन, सूँती चॉनिस चिदानन्द रूपी शरीरस सूँत्य स्पर्श करनुँ सूँत्य स्यठाह हर्षस गछुँन

19 (IX) ही स्वॉमी। म्यानि वॉणी मंजुँ कर नेरि कीवल चोन नाव यॅमि सूँत्य चानि परमानन्द सोरूपुक दर्शुन प्राफ करुँ।

10 (XX) ही परमीश्वरुँ। तिम महिमावॉल्य प्वरुश याने कामदीव, त्रिपुरास्वर अन्धकास्वर, जलधर बेतरि छि पूज़नी यिम चानि अथुँ मारनुँ आय तुँ चानि क्रूधरूपी ॲग्नुँ सूँत्य बसुँम गॅछ़ित पव्यथुँर सपुँद्य याने म्वख्त गॅयि।

11 (V) ही भगवानुँ! युस आनन्द मे' तुहुँद नाव स्वरान स्वरान जागरण अवस्थायि मंज़ प्राप्त सपदान छु सु क्याज़ि छुम नुँ न्यॅन्द्रि मंज़ ति हॉसिल सपदान। याने ज़ागरथ तुँ स्वप्न अवस्थायन द्वशवुँन्य मंज़ गछे'म हिवुय समावेश स्वख प्राफ गछुन।

12 (XVI) ही ईश्वरुँ! यलि बुँ चोन दास छुस त्यलि क्याज़ि छुख चुँ पनुँन्य अख जलक हॉविथ चलान? चुँय छुख आम मनुशस ताम कुनि कुनि चि़हिस खन्डस दर्शुन दिवान ताबुँहालय छुस बुँ चोन दास, मे' सूत्य क्याज़ि ब्यन?

13 (XVII) ही ईश्वरुँ-चानि हट्युक ज़हर ति छु म्यानि बापथ व्वतम अमरेंत। चानि वरॉय अगर ब्याख कांह मे' पज़ी अमरे'थ दियि। सु चमुँ नुँ बुँ ज़ांह तिक्याज़ि सु रोचि़ नुँ मे' कतन।

14 (X) चॅ छुख पनुँन्यन टाठ्यन बॅख्त्यन हुँज़ि वॉनी मंजुँ द्रामचि़ मख्ती हुँद्य भाव उपहार मॉनिथ स्वीकार करान। मख्ती मंज़ मस्त रोज़न वाल्यन बॅख्त्यन हुँजुँ लीलायि तुँ तथ सूँत्य नचुँनुँ सूँत्य प्रगट सपदन वालि शिवुँ, चे' छुँय जय जयकार।

14 (22) शरण आमुँत्यन बॅख्त्यन पनुँन्य ईश्वरीय विभूति दिनुँवालि भगवान शंकरुँ, चे' ऑस्यनय जय जयकार। शरण आमुँत्यन रछनवालि परमात्मा, चे' ऑस्यनय जय जयकार।

15 (8) ही प्रभू! फसुँल लोननुँ पतुँ पथर पेमुँत्य दां-फॅल्य स्वम्बरॉविथ तिमन हुँद आहार (ख्यन) करन वॉल्य गरीब लूख, मोर बेतरि जानावरुन हुँजुँ पखु बेतरि वलिथ पनुँनिस पानस सॅथुँर करन वॉल्य चॉन्य बॅखुँत्य छि चानि भॅकृती हुँज़ि गरमी सूँत्य पननिस पानस कुबेरस ति थोंदुय ज़ानान।

16 (IV) हे आनन्द रसकि सोंदरुँ। चानि भॅखती हुँदि अमरेंतुक मजुँ तुलनुँ वरॉय न छे' मे' बॅख्ती बकार न म्वखती। बुँ छुस यछ़ान चानि पराकाष्ठा भॅख्ती हुंद मजुँ तुलुन तुँ ॲथ्य दशायि मंज़ हमेशि रोज़ुन। याने ही भगवानुँ मे' छु नुँ ख्वशुँक ज्ञान बकार बॅल्कि रसपूर्ण भॅख्ती।

16 (XXV). ही प्रभू! बुँ छुसय बडि हटि व्यनती करान मे' दि पननि परिपूर्ण भॅख्ती हुंद वरदान। मे' दि समावेश पूरन भॅख्ती। मे' दि कीवल पनुँन्य भॅख्ती स्व ति न्यष्काम।

17 (VII) ही बगवान शंकरुँ। यिम भॅखुँत्य जागरथ, स्वपुन तुँ सुषुपती त्रेश्यवुनी अवस्थायन मंज़ चानि भॅक्ती मंज़ लीन रोज़ान छि तिहुँज़ पदवी छे' ब्रह्मा बेतरि दिवताहव ख्वतुँ ति थॅज़, बेयि छि आसान बॅड्य भाग्यवान।

17 (LVIII) यिम भॅखुँत्य काम, क्रूद, लूभ अहंकार बेतरि नाकारुँ व्रती चे'य अर्पण कॅरिथ चे' पूज़ान छिय, तिमन छु सोन जय जयकार चुँ छुख तिथ्यनुँय भॅखत्यन प्यठ प्रसन रोज़ान।

18 (15) भ्रॅखती मंज़ रोज़न वॉल्य महा पोरशन शॉन्ती प्राफ करनस अन्दर छु नुं स्वख भूगनुंक कांह लालुंच आसान। तिमन छनुं म्वखती प्रावनुंच ति कांह परेशॉनी आसान। तिमन महान भॅखत्यन छु भगवान शंकर द्रेंठमान आसान, अमि ख्वतुं क्याह गछ़ूयख आसुन?

18 (XXI) यस चोन अनुग्रह आसि नुं, तस कति आसि चॉन्य भॅख्ती करनुंच शक्ती। यस दया करख तस छे यि शखती स्वतः स्यद प्राफ गछ़ान। चिन्मय परमीश्वर आसनुं कित्र छुख महान रूपीठ। म्यॉन्य छे यहै अभिलाषा बुं वुछहथ लगातार बेयि नुं केंह।

19 (X) ही नाथुं! योंत ताम नुं में शरीर सम्बन्दी रुग याने ब्वछि त्रेश, सरदी, गरमी बेतरि तुं मानसिक रुग याने काम, क्रूद लूब, मुह बेतरि वारुं पॉठ्य नष्ट गछ़न तोंत ताम त्रॉव्यज़ि में प्यठ शक्तिपातुंच नज़र (में कॅर्यज़ि तोंत ताम पनुंन्य दयाद्रष्टी।

19 (15) ही सॉमी! बुं छुसुय यूतुय मंगान मे दासस प्यठ रोज़ दोहय प्रसन। ही मूख्य दिनुं वालि त्रेन भवनन हुंदि सॉमयि। बु छुसय नुं च्ये मूख्य मंगान (बलकि पराभख्ती)

20 (XII) यनि वति पकनुं सूंत्य द्रख स्वख बनान छु, ज़हर अम्रेथ बमान छु, यि असार संसार म्वखती हुंद कारन बनान छु, स्वय वथ छे भगवान शंकर सुंज़ वथ य परमशाक्त पद।

20 (XIX) ही वर दिनुं वालि शंकरुं! सादारन यू छिनुं चानि चिदानन्द स्वरुपुक ध्यान ह्यकान कॅरिथ। अत्य स्यदी वॉल्य भॅखुंत्य छि ध्यान करानुंय चोन दर्शुन करा यिथ्य भॅखुंत्य छि बाकयव सारिवुंय ख्वतुं महान। योंहय चानि भॅखती हुंद बजर।

शिवस्तोत्रावली छि कुल (449) शोलूख। सदॉहमि स्तोत्रस छि सारिवुंय ख्वतुं जादुं याने 49 शोलूख। बाकुंय छि नवि प्यठुं त्रुवहन ताम।

शिवस्तोत्रावली मंज़ छे रसुं बॅरिथ शोंज़ तुं सजुंवुंन भॅखती। अथ मंज़ छु भॅखुंत्य सुंद भगवान शिवस संपू समर्पण। सु छु नुं अनुं धनुं या कांह संसॉरी चीज़ दयर मंगान बॅल्यकि शॅखतिपातुंच नज़र, दया दृष्टी, शिवस सूंत म्युल। सु छु परमानन्द कांछान युस दयस सूंत्य म्युल गछ़ सूंत्य प्राफ गछ़ान छु। भगवान उत्पल देव छि पनुंनि वखतुंक शैवमतुंक्य महान आचार्य ऑस्यमुंत्य।

शिवस्तोत्रावली अनुवा

—स्वामी लक्ष्मण जी महाराज
1694, क्वंग पोश, जैन नगर, कराला,
दिल्ली-110081

गज़ल

—'हलीम'

गॅट नज़र या छ़ोंट नज़र, वाति कोंत पर्दन अंदर।
बन्दुं योंत तामथ बशर—रोज़ि ऑरुत कॅंजदुंगर॥

शूंत्य पंडित खाल कॉंह कालुं पोरषस नल दिवान,
छ़ल मगर हल मा करान्, ज़िंदुंगी हुन्द खॉर-ओ-शर॥

आछिरिस पज़ि चॉन्ट्य गंड वरनुं गछ़ि लछ़ि शहॅसवार,
यिम छि ज़ुवनुंक्य ॲलिफ-बे, अबजदस छा कॉंह छ़ोंचर॥

ज़ूनुं गाशस सिरयि डख दूनुं दुसोव क्याह करेंस,
खानुं माजर आमुतुय, पान पुचरां हरज़ुंगर॥

गम अगर गम रोज़िहे गाश चश्मन राविहे,
लोलुं नज़रन आफरीन, थोवहस आयुत जिगर॥

योंद दिलस पारुंद्य मिज़ाज़ुंच चाश कॉंह नियि हे चुंहिथ,
च़ालि हे कॉत्या सितम वन पालि हे कूंत्य आहि सर॥

यॅम्य हयातस ऑडुंरन थॅव च़ेनुंनुंच च़ितरावनुंच,
ज़ान पानय ओसमुत कूताह सु दानाये दॅहर॥

क्वम ति कूंचा पायि बॅड शोकस खुमारस ग्यॅड कॅरुंन,
वरनुं लगि हे साकुंयस, जामस तुं मयखानस ल्वच़र।

खॉर यॅम्य ॲश्कस तुं हुसनस हान तस सद मरहबा!
यस-वुं-तस नतुं रोज़ि हे वॉंसि ललुंवुन दर्दि सर॥

दॉंद्य व्यछ़नावान वखनान ख्योव वक्तन व्यह 'हलीम',
आसि हेस नय वोंन्दुंमंज़र छावि हे शामो-सॅहर॥

वटकराज़स सोन प्रणाम!

—श्रीमती जया सिबू रैना

हिरण्यगर्भु प्यठुँ आख वागुँरि बॉश दोह च़ॅलिथुँय।
माजि शारिकायि लोल बोंरनय व्यथुँ वानि श्रान कॅरिथुँय॥
दीवी पुत्र वटुकनाथ नाव कोंरनय, शैवशास्त्र पॅरिथुँय॥
दोपनय, ही वटकराजुँ! माजि कॅशीरि थव लोल बॅरिथुँय॥

हेरुँचुँ त्रुवुश दोह कोंरनय नॅटिस मंज़ आवाहन।
प्रदूश कालस मंज़, सेंदरि सूँत्य ज़ोतनॉवनय तन॥
वीद-स्वरूप शब्दव सूँत्य डोन्यन हुन्द द्युतनय ख्यन।
ग्रख लॅज डोन्यन, शब्दस शक्तिपात गॅछ़िथ हिल्यव त्रभवन॥

रामुँगोंड छु यूगबल चोन, सीवाकार द्यकपाल तुँ क्षेत्रपाल।
रेंश्य डुलिजि मंज़ द्वद चोथ, ग्रज़नोवुथ त्रिकरूपी त्रेंकाल॥
बीज़ मंत्रव सूँत्य लोल बोंरहय-दूर च़ोंल पानुँ महाकाल।
वशदीवस ति अन्नहूम कॅरिथ, तॅत्य सारिनुँय आव यकबाल॥

वैशनव्य आहार कॅरिथ, सूमरस पानकुँच प्ययि च़ाफ।
मामसाहॉरी ऑसिथ तुँ बॅख़त्यन लोंग नुँ काँह पाफ॥
व्यनुँ ग्वलाब, ब्यल तय मादलि पोशन मंज़ त्रोवुथ डाफ।
पंदह वरियि लूसिथ गयि, कॅशीरि तरहॉव वापस, इयनय इंसाफ॥

चुंय 'शिव-शक्ति-नर' रूप छुख, किनुँ वटुकराज़ भैरवनाथ।
हुँ मा छुख, तपीश्वर, आनन्दीश्वर, नन्दकीश्वर, दि असि साथ॥
पोशनाव अॅछन गाश, कोंठ्यन होश, आत्मप्रकाश दि वटुकनाथ।
पूज़ा किथुँ पॉठय करय, अॅसि सूँत्य सपुद व्यशवासुँगाथ।

त्रिकदर्शन छु ग्यानुँ-आगुर, शिव-शक्ती-मनोष छु ईकाकार।
कन थव, ही वटक राजुँ। दि सानि नावि ति वोंन्य पानुँ तार॥
व्यथ वानि वटकनोंट बुँ नावहॉय, यारबल गॉमुँत्य मिसमार।
रूम रूम अरपन ति छिय करान, वोंन्य त्राव यि पनुन त्रकुँजार॥

छा मुमकिन ऑलुँ पथरि हुँन्ज़ पॉतुँर बनुँथ ब्ययि अम्युक छुम तमाह।
विरकिम तुँ टेकुँ बटन्य, अरपन करहॅय, कथ यियिन जमाह।॥
योंदव्य खोंरन शुह ति करिहे, ननुँ वारि वुछहाँ व्यथि हुन्द प्रवाह।
पंचतरणी निश बोस शेंहलावहा, अमरनाथ रोज़िहेम गवाह॥

वुसर्‌यन गंड कुस त्रोव, पुशव ति ह्योत लोंब रोजुन।
क्रालव स्व म्यॅच़ कति सनाह थॅव, सनिपोतुल खॅटिथ थोंवुन॥
लिवुन डुवुन, छ्वकुन, छलन, वटक राज़ ओस मनावुन।
शुर्यन-बॉच़न अभिषेक करुन, हकस-हॅमसायस ओस हावुन॥

गनपतयारस पूज़ कुस करि वोंन्य, च़क्रीश्वरन लोंग हीथ बहानय।
बीज़ मंत्रन सम्पुट तोंग नुँ करुन, दिवताहव खुलोव नुँ दहानय।
सदा शिव, महादीव, पंचमुखी हरमोंरव,क्याज़ि बनेयि अफसानय।
द्वख तुँ दॉद्य दूर कर, वटकराज़ा बन जानि-जानानय

नून च़्वचि अतुँगथ-हारन गिंदुन, यि बन्यव इतिहास।
हेरथ मनावुँन्य कॅशीरि न्यबर, कति इवान सु व्वलास॥
लौगाक्ष ऋषि दिच़ क्रय, अभिनवगुप्तन द्युत शैवी आभास।
च़ेर गव स्यठाह, ज़्यूठ गव क्रूठ, वटकराज़ा! म्वकलाव प्रवास॥

'जया' छस दामानुँ दॉरिथ, यियिनय सोन एहसास।
नूर बर ब्ययि अथ हेरुँच़ पूज़ि, यि छुम व्यशवास॥

कोफूर सॉबुंन्य् म्वख्तुसर ज्ञान

''इयूकुँ टिकुँ क्याह गव आत्म् ज्ञानय,
हॉसिल तस येम्य विज़ि-विज़ि गोर।
'कोफूर' गछ़ शरण सतगवरूँ पादन,
युस येमि भवसर तारी अपोर॥''

यिथुँ कॅन्य सिरियि सुंजुँ ज्ञान छि तसुँद प्रकाश तुँ प्रचण्ड करॅनावान तिथय किन्य् छि ॲकिस भक्तुँ सँज़ ज्ञान तसुंज़ भॅक्ती, ज्ञॉनी सुंज़ ज्ञान तसुंद ज्ञान, तुँ ॲकिस संतुँ सुँज़ ज्ञान तसुंद व्यवहार करॅनावान। भक्ती तुँ ज्ञानुक म्युल छु ॲकिस पुरुष्, महापुरुष बनावान। सु छु नर ऑसिथ नारायण वनान। यानि पतुँ छुनुँ भॅक्तिस तुँ भगवानस मंज़ कांह ति अंतर रोज़ान। यिथिस भॅक्तिस या भगवान सुँज़ ज्ञान छेनुँ कॉंसि हुंज़ि तॉरफ़ुच मोंहताज रोज़ान। आ, व्वन्य् गव संतान आसनुँ किन्य यि केंछ़ा में कोफूर सॉबुन पानस अनुभव गव, तमिकिस आधारस प्यठुँ छुस बुँ जुँ शब्द लेखनुँच कूशिश करान।

कोफूर सॉबुंन्य पूवर्ज तुँ शारदा जी

यि ओस सप्तऋशि संवत 5004, यानि 1928 ई., चित्रुँ ज़ूनुँ पछ ओंकदोंह—नवरेह—गुरूवार—रेवती नक्षत्र तुँ कनि लॅग्न, येंलि श्री मोहन लाल ठुसू, उर्फ नारायण दास लॅदरवनुँ कॅशीरि थनुँ पेंयि। माता जी ओसुख रुँखुँमाल नाव तुँ मालिनिक ऑसिस वनान मदरद्यद। पिता जियस ओसुख नन्दलाल जी तुँ ज़िठिस मॉलिस टिकुँलाल जी नाव। यिमन द्वशवुँन्य बारन्यन ऑस्य स्वामी रामजी ग्वर तुँ यिथुँकनि गॅयि स्वामी लथ्मण जी यिमन ग्वरुँ बॉय। कोफूर सॉबनिस बुडबबस ओस ठोकुर पंडित तुँ नानि स्वखद्यद नाव। यि स्वखद्यद छु सु शुहुल तुँ रॅस्युल नाव, यिमव लॅदरुँवनस मंज़ ग्वडनिच लॅर बनॉविथ बटुँ बॅस्ती हुँज़ बुनियाद त्रॉव।

टिकुँलाल जी तुँ नन्दलाल जी ऑस्य पनुन अयालॅ हय्थ लॅदरुँवनस मंज़ रोज़ान, युस क्वपवारि प्यठुँ मॅहज़ शें मील दूर छु। यॅहय वथ छि शारदा मातायि हुंज़ि स्युदुँपीठ, यथ शारदा जी या शारदा माई ति वनान छि, गछ़ान। शारदा मातायि हुंद यि पवित्र अस्थापन छु अज़ पॉकिस्तानुँकिस कब्ज़स मंज़। टिकुँलाल तुँ नन्दॅलाल ऑस्य त्रेंन जायन यानि, लदरुँवन, दुदनियाल तुँ बेंयि शारदा जी पनुन कारुँबार करान। शारदाजी गछ़न वाल्यन यात्रियन खॉतरुँ ओस न कुनि कांह ति इंतिज़ानम। यि ज़ॉनिथ कोंर यिमव द्वश्वुँयव बारुँन्यव सँज़ तु माता शारदायि हुंद्यन भॅखत्य्न खॉतरुँ बनॉवुँख दुदुनियालस मंज़ अख धर्मसाल, येंति यहुंदुय लंगर ओस चलान। शारदा मातायि हुंद्यन भॅखत्य्न हुंज़ि सीवायि द्युत पनुन फल। कारुँबारस लॅज ग्रख तुँ यिहुँज़ि साधुँसीवायि ति लोंग व्यसतार। यिमव बनोव दुदुनियालस मंज़ अख प्राईमरी स्कूल, तुँ त्रॉवुँख अति तॉलीम दिनच ग्वडनिच बुनियाद धर्मसालि हुंद आकार ति गव बोंड। व्वन्य ऑस्य यिम पांचन मकानन, वारयाहन दुकानन, ऑबी तुँ ख्वशकी ज़मीनक्य मॉलिख। लॅदरुँवनुक अख त्रेंपोर मकानुँ ओस साधू सीवायि खॉतरुँ इस्तेमाल यिवान करनुँ। अति ओस बाज़पितुँ पॉठ्य 'दॅज' दिथ साध-संत नवीद यिवान करनावनुँ। सुबहु प्युठुँ शाम तामथ ओस नुँ साधन तुँ संतन यिनस थख गछ़ान। अति ओस ऑठॅवॅनी पॅहरन लंगर चलान यिमन साधान तुँ संतन हुंज़ सीवा ऑस पनने गरचि मॉजि बे'नि करान। यानि यथ ज़मीनि मंज़ कोफूर सॉब फबेयि, तथ ज़मीनस ओस ग्वडुँ प्यठय यिवान प्रेयमुक, साधूसीवायि, भॅखती तुँ सतसंगुक सग दिनॅ।

लॅदरुँवनकिस तरज़स प्यठ ओस दुदॅन्यालॅ ति अख लंगर चलान। भॉद्रपद घटुँपछॅ ओंकदोंहुँ प्युठुँ ओस यात्रियन हुंद युन गछ़ुन ति शोरू गछ़ान। वृद्ध अवस्थायि हंद्यन यात्रियन खॉतरुँ ओस गुरयन तुँ ज़ॉपानन हुंद ति इंतिज़ाम यिवान करनुँ। यि सोरुय संज़ ओस यिमनुँय द्ववन बारुँन्यन, टिकुँलाले तुँ नन्दॅलालजीनुय। चूंकि लॅदुँरुँवन ओस शारदा जी गछ़न वाल्यन यात्रियन हुंद ग्वड़ंयुक पडाव तुँ थकुँ पेंड, अति ओस अथ पूरुँ अलाकस मंज़ यि कुनुय बटुँ गरुँ, युस ज़न तमाम साधन संतन हुँज़ बेलूस सीवा ओस करान। येंमि

क्रिय् शारदा मातायि हुँज़ दया यिमन प्यठ हमेशि रूज़, तुँ बेयि रूदुख साधन-संतन हुंद संग, व्वथँवुन तुँ बेहँवुन।

